दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

सिर्फ सच...

● नई दिल्ली। गुरुवार 15 मई-2025 ● वर्ष : 10 अंक : 145 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3







## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को लेकर यूपी में निकाली गई तिरंगा यात्रा

### सीएम योगी ने पाकिस्तान को सुनाई खरी-खरी, बोले- दुनिया ने माना भारत का लोहा



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद सेना के शौर्य को सलामी देने के लिए बुधवार को अपने सरकारी आवास से भारत शौर्य तिरंगा यात्रा को रवाना किया। सीएम योगी ने हाथ में तिरंगा लेकर यात्रा का नेतृत्व किया।

उन्होंने प्रदेशवासियों की तरफ से ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, जवानों, पूर्व सैनिकों और नौजवानों का अभिनंदन किया। सीएम ने कहा कि पूरा देश भारतीय सेना के शौर्य व पराक्रम को सैल्यूट करते हुए बहादुर जवानों का अभिनंदन करने के लिए उतावला दिखाई दे रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राष्ट्रीय संकट के समय धैर्य और एकता ही हमारी सबसे बड़ी पूंजी होती है। इस माहौल में जवानों के कारण भारत ने पाकिस्तान के हौसले पस्त किए। दुनिया ने पाकिस्तान व उसके आकाओं के बेशर्मी भरे उस चेहरे को भी देखा, जिसमें आतंकियों के जनाजे में वहां के नेता व सैन्य अधिकारी भी

शेष, पृष्ठ 7

## 28 सालों से चल रहा था फरार, पुलिस ने डाल दिया अंदर अब नहीं दिखेगा बाहर

### आखिरकार खाकी के लंबे हाथों में पहुंच गया 25000 का इनामी

**- घंटाघर कोतवाली पुलिस व सिटी स्वॉट टीम ने किया गिरफ्तार**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की घंटाघर कोतवाली थाना पुलिस और स्वॉट टीम सिटी जोन द्वारा एक 25 हजार के इनामी बदमाश को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। घंटाघर कोतवाली पुलिस द्वारा सरताज उर्फ ताज खान उर्फ ताज मोहम्मद जो कैलाभट्टा मोती मस्जिद निवासी जोकि हाल में सारी गेट रामपुर सिटी रामपुर में रह रहा था, उसे गिरफ्तार किया गया है। पुलिस द्वारा बताया जा रहा है कि पकड़े गए आरोपों की उम्र लगभग 52 साल है और आरोपी सरताज उर्फ ताज खान उर्फ ताज मोहम्मद बीते 28 वर्षों से फरार चल रहा था। पुलिस के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार वर्ष 1997 में मारपीट का इनके खिलाफ एक मुकदमा दर्ज हुआ था। जिसके बाद से आरोपी फरार चल रहा था और लगातार इसपर इनाम हो रहा था। वर्तमान में पकड़े गए आरोपी पर 25000 का इनाम था। जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया है।

### पुलिस देती थी अलग-अलग ठिकानों पर दबिश, पर नहीं मिलता था सरताज

करंट क्राइम : स्वॉट टीम नगर जोन घंटाघर कोतवाली द्वारा गिरफ्तार किए गए सरताज खान उर्फ ताज मोहम्मद को लेकर पुलिस का कहना है कि यह पुलिस को बीते करीब 28 वर्ष में 40 से अधिक बार इसे गिरफ्तार करने के लिए दबिश दे चुकी है। कई बार कैला भट्टा इलाके में इसके रहने वाले रिश्तेदारों और रामपुर के अलग-अलग मोहल्ले में दबिश दी गई लेकिन फोन इस्तेमाल न करने की वजह से इसकी लोकेशन नहीं मिल पाती थी और रिश्तेदारों के पास इसका पता नहीं था। जिस वजह से पुलिस इसे पकड़ नहीं पा रही थी, बीते दिनों पुलिस को एक सूचना मिली थी, जिसके आधार पर इसे गिरफ्तार किया गया है।



### आखिर खाकी के कब्जे में आ ही गया 28 साल से फरार आरोपी

करंट क्राइम : सरताज उर्फ ताज मोहम्मद ने कोई ऐसा बड़ा अपराध नहीं किया था, उसके विरुद्ध मारपीट का एक मुकदमा दर्ज था, लेकिन ना तो वह थाने में आ रहा था और ना ही कोर्ट के आदेश का पालन कर रहा था। जिसकी वजह से उसपर लगातार इनाम हो रहा था और वर्तमान में यह इनाम 25000 हो गया था। लंबी प्रक्रिया के बाद आखिरकार गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजने का काम किया है, अब देखना होगा न्यायालय उसे पर क्या फैसला लेगा।

## अब साहिबाबाद फल मंडी में नहीं आएगा तुर्की वाला सेब

### हर महीने साहिबाबाद फल मंडी में तुर्की से आता है 30 हजार पेटी फल

**- भारत-पाकिस्तान तनाव में तुर्की का साथ देना पड़ा भारी, लोकल व्यापारियों ने बंद किया माल लेना**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** बीते दिनों भारत और पाकिस्तान के बीच जिस तरीके से तनाव बना और युद्ध जैसे हालात हुए ऐसे माहौल में तुर्की द्वारा भारत के विरोध में पाकिस्तान को खुला समर्थन करना अब धीरे-धीरे भारी पड़ता हुआ नजर आ रहा है। उत्तर प्रदेश की प्रमुख फल मंडियों में से एक साहिबाबाद की फल मंडी में अब तुर्की से आयात किए जाने वाले फलों पर रोक लगा दी गई है। इसके साथ ही खास तौर पर तुर्की से आने वाले हर माह 30 हजार बॉक्स सेब अब यहां नहीं पहुंचेंगे। साहिबाबाद के प्रमुख फल विक्रेताओं ने घोषणा की है कि जो भारत के दुश्मन पाकिस्तान का साथ दे रहा था, व्यापारी उसके साथ किसी प्रकार का व्यापार नहीं करेंगे। बुधवार से साहिबाबाद के बड़े फल विक्रेताओं ने तुर्की से आने वाले फल लेने से तौबा कर ली है।

साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारत सरकार से अपील की है कि कश्मीर और हिमाचल प्रदेश से आने वाला माल यहां जल्द पहुंचाएं जा सके। इसको लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए जाएं ताकि भारतीय बाजार में मजबूती आ सके और लोकल व्यापारियों का कारोबार सुधरे।



### तुर्की से हर महीने 5000 क्विंटल सेब साहिबाबाद है आता



करंट क्राइम : साहिबाबाद के फल विक्रेता शहदाब ने बताया है कि मंडी में एक महीने के अंदर 30 हजार बॉक्स तुर्की का सब आता है। तुर्की का सब बेहतर माना जाता है, इसकी भारतीय बाजार में अच्छी कीमत मिलती है। तो वहीं एक अनुमान के मुताबिक साहिबाबाद फल मंडी में ही केवल हर महीने तुर्की के सेब को लगभग 5000 क्विंटल आयात के रूप में मंगया जाता है। अब साहिबाबाद फल मंडी के प्रमुख फल कारोबारियों का कहना है कि पाकिस्तान के साथ जिस तरीके के माहौल में तुर्की ने साथ दिया है, उससे यहां के व्यापारी अब तुर्की से किसी प्रकार का व्यापार नहीं करेंगे।

### फल कारोबारी बोले दुश्मन का साथ देने वाला हमारा दुश्मन



करंट क्राइम : साहिबाबाद मंडी में बड़ी संख्या में फल के बड़े कारोबारी हैं। जो विदेश से फल मंगाते हैं। तुर्की से भारत में बड़ी संख्या में सेब आयात किया जाता है। फल कारोबारी नासिर ने जानकारी दी है कि सेब के आधुनिक पेड़ भारत के फल कारोबारी इटली और नीदरलैंड से मांगते हैं। केंद्र सरकार को ध्यान देना चाहिए लंबे समय तक वहां से आने वाले प्लांट क्वांटीन विभाग द्वारा रखे जाते हैं। जिसमें अधिक समय लग जाता है। इसमें समय सीमा घटाई जानी चाहिए। साथ ही हिमाचल प्रदेश और कश्मीर के सेब भारत के अलग-अलग राज्यों और प्रमुख शहरों में आसानी से पहुंच सके, इसको लेकर सरकार ध्यान दें ताकि भारत का बाजार मजबूत हो और विदेश से आने वाले फलों पर रोक लगा सके। फल कारोबारियों ने कहा है कि दुश्मन का साथ देने वाले देश के साथ वो व्यापार नहीं करेंगे।

## जब पार्षद की शिकायत पर डीएम ने लिया क्विक रेस्पांस

### सुनी पूरी बात और जनता की समस्या का किया समाधान





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** आमतौर पर जब भी कोई जनसमस्या होती है तो लोग संबंधित विभाग के अधिकारियों को फोन मिलाते हैं। सरकार द्वारा सभी विभागों के अधिकारियों को सीयूजी नंबर इसीलिये दिये जाते हैं कि यह नंबर जनता के पास होता है। यह नंबर व्यक्ति विशेष का ना होकर पद का होता है और सरकार के ये निर्देश हैं कि अधिकारी इन नंबरों को उठाएंगे। ये सीयूजी नंबर केवल पुलिस और प्रशासन में ही नहीं है बल्कि ये नंबर नगर निगम, बिजली विभाग, जलकल विभाग आदि विभागों में दिये गये हैं। सीयूजी नंबर को लेकर आमतौर पर ये एक धारणा भी है कि कई अधिकारी इन नंबरों को नहीं उठाते, लेकिन जब स्थानीय अधिकारियों ने फोन नहीं उठाया तो भाजपा की पार्षद रेखा गोस्वामी ने गाजियाबाद के डीएम दीपक मीणा को फोन मिलाया।

ये तब था जब बिजली विभाग के सहायक अभियंता और कनिष्ठ अभियंता अपना सीयूजी नंबर नहीं उठा रहे थे। इसके बाद बड़ी हैरानी की बात तब हुई जब पार्षद ने सीधे गाजियाबाद के डीएम दीपक मीणा को फोन मिलाया। सबकी हैरानी का ठिकाना नहीं रहा, जब आईएएस दीपक मीणा ने क्विक रेस्पांस दिया और कॉल रिसीव की।

इतना ही नहीं जिलाधिकारी ने पूरी बात सुनी, समस्या के समाधान के लिये निर्देश दिये। पार्षद भी डीएम गाजियाबाद के इस क्विक रेस्पांस से अभिभूत हैं। जनता ने इस रेस्पांस की प्रशंसा की और ये जनधारणा बनी कि अगर, गाजियाबाद के डीएम एक कॉल में आम जनता का फोन रिसीव कर रहे हैं, समस्या सुन रहे हैं, समाधान करा रहे हैं तो फिर स्थानीय स्तर के अधिकारियों को भी अपनी कार्यशैली में सुधार लाना चाहिए।

### डीएलएफ कॉलोनी में लगी थी आग और हो सकता था बड़ा हादसा



मामला वार्ड-10 डीएलएफ कॉलोनी का है। यहां रात को 12 बजे सी-ब्लॉक स्थित बिजली के पोल पर फाल्ट होने से आग लगी और इसने विकराल रूप धारण कर लिया। ये आग क्षेत्रीय पार्षद रेखा गोस्वामी के घर के पास लगी। रेखा गोस्वामी भाजपा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मानसिंह गोस्वामी की पत्नी हैं। जब उन्होंने आग को विकराल रूप धारण करते देखा तो इस आग को रोकने के लिये बिजली कट करने के लिये बिजली विभाग के सहायक अभियंता और कनिष्ठ अभियंता को कॉल मिलाया, लेकिन जब उधर से कॉल का कोई रेस्पांस नहीं मिला तो फिर परेशान होकर डीएम गाजियाबाद को फोन मिलाया। डीएम गाजियाबाद दीपक मीणा ने तुरंत फोन उठाया और जनता को होने वाले लाखों के नुकसान और जान-माल के नुकसान को बचाने का काम किया। बड़ी मुश्किल से शालीमार गार्डन थाना इंचार्ज की टीम और स्थानीय निवासियों ने तार के नीचे खड़ी कार, स्कूटर, बाइक को हटाकर बड़े हादसे को होने से बचाया। मध्य रात्रि से सुबह आठ बजे तक बिजली गुल रही है और फिर रेपयर कर सप्लाई बहाल की।

## धूप, गर्मी, बारिश और धूल से मिलेगी ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को राहत

### 25 चौराहों पर बनेंगे हाईटेक ट्रैफिक पुलिस बूथ, जल्द फाइनल होंगे स्थान

**- नगर निगम, एनजीओ और ट्रैफिक पुलिस के सहयोग से बनेंगे यातायात बूथ**

**- फाइबर शीट से होगा निर्माण और अंदर रहेगी मेज, कुर्सी और ठंडे पानी की बोतल का रहेगा इंतजाम**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** तपा देने वाली गर्मी और भीषण धूप, बारिश और धूल के बीच शहर के प्रमुख चौराहों पर ड्यूटी देने वाले ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को जल्द ही राहत मिलेगी।

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में ट्रैफिक पुलिस और नगर निगम से वार्ता कर 25 प्रमुख चौराहों पर हाईटेक ट्रैफिक पुलिस बूथ का निर्माण कराया जाएगा। इन ट्रैफिक बूथ को फाइबर की सीट से बनाया जाएगा, जिसमें हवादार, जाली और शीशे का इस्तेमाल होगा।

इन आधुनिक ट्रैफिक पुलिस बूथ के अंदर दो पुलिसकर्मियों के बैठने और आराम करने का भी इंतजाम होगा। तो वहीं टेबल कुर्सी, पानी रखने का थरमस, पंखा और लाइट की भी सुविधा दी जाएगी। इसका मकसद दिनभर तपा देने वाली गर्मी, धूप और बारिश जैसे विपरीत हालातों में ड्यूटी देने वाले यातायात पुलिसकर्मियों को थोड़ी राहत और आराम देने का प्लान है। बीते दिनों पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड़ द्वारा गाजियाबाद यातायात पुलिस के अधिकारियों से 25 स्थानों पर जल्द से जल्द इस तरीके के ट्रैफिक बूथ बनवाकर लगाने का निर्देश दिया गया है, जिसपर अधिकारियों की ओर से कार्रवाई शुरु करवा दी गई है।





### शहर के प्रमुख चौराहों पर लगेंगे हाईटेक ट्रैफिक बूथ

करंट क्राइम : लगभग 8 से 12 घंटे की ड्यूटी देने वाले यातायात पुलिसकर्मियों को मौसम के विपरीत ड्यूटी देनी पड़ती है। कई बार तेज गर्मी में, तो तेज धूप और लू के थपेडें सहने पड़ते हैं। तो वहीं सर्दी में सर्द हवा उन्हें परेशान करती है। इसके साथ ही बारिश के मौसम में अक्सर छतरी का सहारा लेकर या पानी में भीगते हुए यातायात पुलिस कर्मियों को आपने भी ड्यूटी के दौरान ट्रैफिक संचालित करते हुए देखा होगा। साथ ही विपरीत परिस्थितियों में ड्यूटी करने के दौरान उनके साथ जो परेशानी आती है, उसे कम करने के लिए अधिकारियों द्वारा गाजियाबाद के 25 प्रमुख चौराहों पर फाइबर शीट के बने आधुनिक ट्रैफिक बूथ बनाने का निर्णय लिया गया है। इसको लेकर फाइल लिस्ट तैयार कर दी गई है और जल्द ही इस पर काम शुरू हो जाएगा।

### नगर निगम, एनजीओ और प्राइवेट कंपनियों का लिया जाएगा सहयोग

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार 25 चौराहों पर जो आधुनिक ट्रैफिक कंट्रोल वाले बूथ बनाए जाएंगे। इनमें पुलिसकर्मी आराम भी कर सकेंगे और थकान होने पर उन्हें यहां राहत मिल सके। इसके लिए इनको बनवाया जा रहा है। बताया जा रहा है कि इसके निर्माण में नगर निगम स्मार्ट सिटी के तहत सहयोग करेगा। तो वहीं एनजीओ और निजी कंपनियों के साइन एडवरटाइजिंग बोर्ड लगवाकर इसे तैयार कराया जाएगा।

### मोदीनगर राज चौपला से लेकर राजनगर एक्सटेंशन और मोहन नगर- हापुड़ चुंगी तक बनेंगे नए ट्रैफिक बूथ




करंट क्राइम : ट्रैफिक पुलिस के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार बीते दिनों पुलिस कमिश्नर के साथ हुई बैठक के बाद शहर के 25 प्रमुख चौराहों पर यातायात पुलिस की नई ट्रैफिक बूथ लगाने का प्लान बना है। जिसके लिए ले आउट तैयार कर लिया गया है। बताया जा रहा है कि मोदीनगर के राज चौपला जो की प्रमुख चौराहों में से एक है। तो वहीं राजनगर एक्सटेंशन, मोहन नगर, हिंडन गोल चक्कर, हापुड़ चुंगी, पुराना बस अड्डा, चौधरी मोड़ ,विजय नगर बाईपास से लेकर डासना और लोनी तिराहे से लेकर अन्य प्रमुख स्थानों जहां पर ट्रैफिक का दबाव अधिक रहता है, वहां पर यातायात पुलिस द्वारा हाईटेक बूथ ट्रैफिक कर्मियों के लिए बनवाए जाएंगे।



"पुलिस कर्मियों को गर्मी, सर्दी, बारिश के समय लंबी ड्यूटी देनी पड़ती है। ऐसे में कई बार उन्हें परेशानी होती है। इसको ध्यान में रखते हुए शहर के 25 प्रमुख चौराहों पर ट्रैफिक पुलिस कई संस्थाओं से सहयोग लेते हुए नए ट्रैफिक पुलिस बूथ बनवाने जा रही है। जो जल्द ही अलग-अलग चौराहों पर लगाए जाएंगे।

**जियाउद्दीन**, एसीपी ट्रैफिक, पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...



नई दिल्ली। गुरुवार 15 मई -2025 | दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




# गाजियाबाद में भगवा जनप्रतिनिधियों के बीच क्या चल रही है अंदरखाने कोई खींचतान

## ना चाय पर मिलना, ना डिनर पर मुलाकात और ना होती है संयुक्त बैठक अधिकारियों के साथ










**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** इस दौर था जब भाजपा के जनप्रतिनिधि जनरली एकसाथ दिखाई देते थे। तब गजब की एकजुटता थी और ये एकता का मुलाहिजा गाजियाबाद में आए बड़े पदाधिकारी से लेकर दिल्ली के भगवा गलियारों तक होता था। कभी आवास पर बैठकर खास बातें होती थीं, तो कभी कार्यालयों में मुलाकात होती थी। कभी चुपचाप एकजुट होकर दिल्ली जाते थे। गाजियाबाद वाले राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल के दिल्ली वाले आवास पर भी बैठकें होती थीं। ये वो दौर था जब भाजपा के जनप्रतिनिधि एक साथ बैठा करते थे। कभी राज्यमंत्री नरेंद्र कश्यप के घर पर रात्रि भोजन होता था, तो कभी अतुल गर्ग के घर पर मिलना-जुलना होता था, लेकिन जब से जनरली ऐसा हुआ कि साहब मिजोरम के महामहिम हो गए तब से यहां के सीन ही बदल गए।

अब बहुत दिन से भाजपा के जनप्रतिनिधि चाय-डिनर डिप्लोमेसी से दूर हैं। अब आमतौर पर कोइ किसी के यहां जाता भी नहीं और कोई किसी को बुलाता भी नहीं। एक अरसा हो गया जब किसी ने लोकसभा सांसद अतुल गर्ग, कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप, शहर विधायक संजीव शर्मा, मुरादनगर विधायक अजीतपाल त्यागी, एमएलसी दिनेश गोयल, विधायक नंदकिशोर गुर्जर, धौलाना विधायक धर्मेश तोमर को एकसाथ किसी आवास पर कोई मुलाकात करते देखा हो। कोई तस्वीर ऐसी नहीं आती जब पता चले कि ये सब एकसाथ बैठे हैं। लंबा समय हो गया। बस एक बार ऐसा जरूर हुआ जब लोकसभा सांसद अतुल गर्ग एनसीआर बोर्ड के दफ्तर गए और उनके साथ मेयर और विधायक भी गए, लेकिन यहां भी जब पूरे मामले को देखा गया तो पता चला कि इस वाले दौरे से कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा और एमएलसी दिनेश गोयल ने खुद को अलग कर लिया।

अब ये एक इत्तेफाक हो सकता है लेकिन क्या ये भी इत्तेफाक था कि जब लोकसभा सांसद अतुल गर्ग हिंडन एयरपोर्ट से शुरू हुई गोवा की पहली उड़ान में गए तो इस टूर से कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप, एमएलसी दिनेश गोयल दूर ही रहे। एक दौर था जब अधिकारियों के साथ मंत्री ने मीटिंग ली तो ये संयुक्त मीटिंग हो जाती थी और इसमें अन्य जनप्रतिनिधियों की भी भागीदारी हो जाती थी, लेकिन वो दिन भी आया जब दिशा की बैठक में कैबिनेट मंत्री ने अपने जनप्रतिनिधि के रूप में पूर्व विधायक को भेज दिया और एक एमएलसी पहुंचे ही नहीं। अब जो लोग सियासत की मजबूरियों को जानते हैं, दूरियों को जानते हैं वो ये भी जानते हैं कि आखिर ये सब क्यों हो रहा है। दरअसल गाजियाबाद की भगवा सियासत में अब एकला चलो वाली राजनीति ने पांव पसार लिये हैं।

अंदरखाने कुछ तो खींचतान चल रही है। प्रदेश से लेकर केंद्र तक भाजपा वालों की सरकार है, मगर गाजियाबाद में भाजपा वालों के बीच ही कुछ तो तकरार चल रही है। जो पहले बिना बात के भी आपस में समय मिलने पर बात कर लेते थे, अब वो बात होने पर भी मिलते नहीं हैं और सुना तो ये भी है कि अरसा हो गया है और वो आपस में एक-दूसरे से बहुत जरूरी होने पर ही बात करते हैं। राजनीतिक गलियारों में इसी बात की चर्चा है कि आखिर ऐसा क्या हुआ है जो वन-नेशन, वन इलेक्शन वाली भाजपा में उसके जनप्रतिनिधियों के बीच इंटरनरल कम्यूनिकेशन ही लापता सा दिखाई दे रहा है।

# अब महानगर की तीन विधानसभाओं में भाजपा निकालेगी तिरंगा शौर्य यात्रा

## हर विधानसभा में रहेगा दो किमी. का रूट और जनता करेगी तिरंगे को सैल्यूट






**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा ने बीते दिनों तिरंगा शौर्य यात्रा का आयोजन किया। इस शौर्य यात्रा में प्रदेश संगठन महामंत्री आए। ये यात्रा ठाकुरद्वारा से शुरू होकर नवयुग मार्किट के शहीद पथ पर समाप्त हुई। इस यात्रा को बेहद सफल बताया जाता है और सूत्र बताते हैं कि गाजियाबाद की इस यात्रा को रोल मॉडल के रूप में लिया गया है और अब ये यात्रा सभी विधानसभाओं में निकलेगी।

गाजियाबाद महानगर क्षेत्र की तीन विधानसभा क्षेत्र में भी यह यात्रा निकलेगी। गाजियाबाद में शहर विधानसभा, मुरादनगर विधानसभा और साहिबाबाद विधानसभा में भाजपा की तिरंगा शौर्य यात्रा निकलेगी। इसे गैरराजीनतिक कार्यक्रम कहा गया था, लेकिन अब भाजपा इसे पूरी तरह से अपने संयोजन में निकालेगी। दैनिक करंट क्राइम ने यात्रा के इस पूरे कार्यक्रम को लेकर भाजपा के महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल से बात की। उन्होंने कहा कि यह यात्रा तीन विधानसभा क्षेत्र में निकलेगी, जिनमें साहिबाबाद विधानसभा, मुरादनगर विधानसभा और शहर विधानसभा का क्षेत्र रहेगा।

यात्रा का पूरा कार्यक्रम संगठन की ओर से आ रहा है। भाजपा संगठन शौर्य यात्रा को लेकर पूरी तरह गंभीर है। यह भी तय हो गया है कि प्रत्येक विधानसभा में यात्रा का दो किमी. का रूट रहेगा। सबसे बड़ी बात ये है कि पार्टी संगठन इन यात्राओं को कई मानकों पर नोटिस करेगा। इसमें जनप्रतिनिधि मौजूद रहेंगे और ऐसा नहीं होगा कि जिस विधानसभा में यात्रा निकलेगी केवल उसी विधानसभा के जनप्रतिनिधि रहेंगे। यात्रा में गाजियाबाद के सभी जनप्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। भाजपा ने इस यात्राओं के लिये पूरा प्लान तैयार किया है। विधानसभाओं में निकलने वाली तिरंगा शौर्य यात्रा की जिम्मेदारी भाजपा युवा मोर्चा के महानगर अध्यक्ष सचिन डेढ़ा को दी गई है। वहीं सहप्रभारी के रूप में संदीप चौधरी इन यात्राओं की कमान संभालेंगे।

# भाजपा महिला मोर्चा महानगर अध्यक्ष पद पर पूनम कौशिक का कमबैक

## उदिता त्यागी को भेजा गया उनकी क्षेत्रीय वाली टीम में




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा की महिला राजनीति में एक संशय बरकार था और इस संशय को भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने दूर कर दिया है। दरअसल बीते दिनों ये चर्चा थी कि भाजपा महिला मोर्चा की महानगर अध्यक्ष उदिता त्यागी हैं।

इस दौरान कई बार ये बात उठी भी थी कि वो भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष ना होकर महानगर संयोजिका हैं। वो संयोजक के तौर पर काम कर रही थीं, लेकिन जब भी उदिता त्यागी को महिला मोर्चा की महानगर अध्यक्ष अन्य लोगों द्वारा कहा गया तो उन्होंने कभी इसका खण्डन भी नहीं किया। वहीं उन्हें यह दायित्व तब मिला था जब संजीव शर्मा महानगर अध्यक्ष थे। बताया जाता है कि कई मौकों पर महिला मोर्चा की महानगर अध्यक्ष पूनम कौशिक ने ये कहा भा था कि अध्यक्ष वही हैं, लेकिन राजनीति में जो दिखता वही बिकता है। यहां फ्रंट पर उदिता त्यागी दिखाई देती थी, लिहाजा उन्हें ही अध्यक्ष बताया जाता था। जब भाजपा का कार्यक्रम आया और उसमें महिला मोर्चा की अध्यक्ष के रूप में पूनम कौशिक का नाम आया तो दैनिक करंट क्राइम ने इस पूरे मामले पर स्थिति स्पष्ट करने के लिये भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल से बात की। मयंक गोयल ने यहां स्थिति को स्पष्ट किया और उन्होंने कहा कि भाजपा महिला मोर्चा की महानगर अध्यक्ष पूनम कौशिक ही हैं और वही ऑपरेशन सिंदूर उपलब्धि कार्यक्रम की कमान संभालेंगी।

जब करंट क्राइम ने उदिता त्यागी के मौजूदा दायित्व को लेकर पूछा तो यहां भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि उदिता त्यागी के पास क्षेत्रीय टीम में दायित्व था और वह अपने उसी पुराने दायित्व पर क्षेत्रीय टीम में रिटर्न हो गई हैं और महिला मोर्चा की महानगर अध्यक्ष पूनम कौशिक ही हैं।

# 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता गाथा की संभालेगा भाजपा महिला मोर्चा कमान

## सुहागिनों को घर-घर जाकर सिंदूर वितरित करने का प्लान



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भारत-पाकिस्तान युद्ध विराम के बाद भाजपा देश के नागरिकों को ये बता रही है कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के जरिये उसने देश की अखण्डता-सुरक्षा का संदेश दिया है। स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब अपने संबोधन में पूरे देश से मुखातिब हुए तो उन्होंने सिंदूर शब्द का कई बार जिक्रया किया। 'ऑपरेशन सिंदूर' की बात की और अब भाजपा इस 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता की कहानी को बताने के लिये अपने महिला मोर्चा के साथ आ रही है। भाजपा का महिला मोर्चा ऑपरेशन सिंदूर की सफलता गाथा की कमान संभालेगा। इसको लेकर पूरा प्लान तैयार हुआ है। 'ऑपरेशन सिंदूर' में किस तरह से भारत ने सफलता हासिल की है, ये बताएगा। भाजपा महिला मोर्चा 'ऑपरेशन सिंदूर' की पूरी सक्सेस स्टोरी बताने के लिये टोली बनाकर घरों में जाएगा। भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकताएं जनता के बीच जाकर महिलाओं को ये बताएंगी कि सरकार के निर्देश पर सैन्य बलों ने महिलाओं के सिंदूर की रक्षा की है। सबसे खास बात ये है कि भाजपा का महिला मोर्चा इस संदेश को मजबूती से देगा और बताया जाता है कि भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ता गली-मोहल्लों में जाकर सुहागिन स्त्रियों को सिंदूर वितरित करेंगी। इसके लिये पूरा तैयार हुआ है। जब भाजपा की तिरंगा शौर्य यात्रा निकलेगी तो उसी दौरान भाजपा महिला मोर्चा 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता गाथा की कमान संभालेगा। भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ता इस पूरे अभियान में आगे रहेगी। सूत्र बताते हैं कि भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ता हाथों में तिरंगा लेकर इस अभियान पर निकलेगी। वो सुहागिन स्त्रियों को सिंदूर वितरित करेगी और उन्हें ये बताएंगी कि किस तरह से ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना ने सफलता प्राप्त की है। यह पूरा कार्यक्रम भाजपा की महिला मोर्चा अध्यक्ष पूनम कौशिक के नेतृत्व में होगा। अलग-अलग टोलियों में यात्रा निकाली जाएंगी और 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता को बताया जाएगा।

### अहिल्या बाई होल्कर जन्म शताब्दी की समारोह पर होंगे कई कार्यक्रम

करंट क्राइम। भाजपा महिला मोर्चा अब संगठन के कामों में एक्टिव होकर आगे आ रहा है। 'ऑपरेशन सिंदूर' सफलता-गाथा की पूरी कमान महिला मोर्चा के हाथों में रहेगी। भाजपा की महिला कार्यकर्ता जनता के बीच जाएंगी, वो तिरंगा भी लहराएंगी और महिलाओं को ये भी बताएंगी कि 'ऑपरेशन सिंदूर' व देश की महिलाओं के सिंदूर की रक्षा की है। वो केवल यहीं तक सीमित नहीं रहेगी वो अहिल्या बाई होल्कर जन्म शताब्दी समारोह की कमान संभाल लेंगी। जन्म शताब्दी समारोह पर कई कार्यक्रमों का आयोजन होगा और इसमें अहिल्या बाई होल्कर के जीवन से जुड़ीं कई घटनाओं को अलग-अलग रोचक दृश्यों के साथ प्रस्तुत किया जाएगा। यह पूरा कार्यक्रम 21 मई से 31 मई तक चलेगा। इस जन्म शताब्दी समारोह में अहिल्या बाई होल्कर की पूरी जीवन गाथा को बताया जाएगा। सूत्र बताते हैं कि बड़े कार्यक्रम की तैयारी हो चुकी है। इस कार्यक्रम की कामन भाजपा महिला मोर्चा की महानगर अध्यक्ष पूनम कौशिक संभालेंगी। उनके साथ इस कार्यक्रम को भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष गौरव चोपड़ा, बोबी त्यागी, विनोद कसाना और गुंजन शर्मा भी देखेंगे।

# तुलसी निकेतन में छज्जा गिरने से मामा-भांजे की मौत

## पुरानी और जर्जर बिल्डिंग का हिस्सा गिरा



**गाजियाबाद , करंट क्राइम :** बुधवार की रात ट्रांस हिंडन जोन के अंतर्गत आने वाले टीलामोड थानाक्षेत्र के तुलसी निकेतन इलाके में बनी एक पुरानी सोसाइटी में मकान का छज्जा गिरने से नीचे खड़े एक व्यक्ति और 5 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। मृतक युवक व बालक रिश्ते में मामा-भांजे हैं। हादसे की सूचना पर टीलामोड थाना पुलिस और एसीपी शालीमार गार्डन मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल की। इस हादसे में पुलिस के अनुसार 25 वर्षीय एक व्यक्ति आकाश व 5 वर्षीय बच्चे लड्डू उर्फ वंश की मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि हादसा पुरानी बिल्डिंग का छज्जा गिरने से हुआ है।

हादसे के बाद स्थानीय लोगों का कहना है कि जीडीए द्वारा बनाया गया यह इलाका बेहद पुराना हो चुका है। जिसकी वजह से हादसा हुआ है। हादसे के बाद से आसपास के लोग डरे हुए हैं। तो कई लोग कह रहे हैं कि यहां जल्द ही मरम्मत कार्य कराए जाना चाहिए। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस द्वारा काफी देर तक रेस्क्यू अभियान भी चलाया गया ताकि किसी अन्य घायल के बारे में जानकारी मिल सके। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार इस हादसे में दो लोगों की मौत हुई है। खबर लिखे जाने तक पुलिस जांच में लगी हुई थी।

# पुलिस कमिश्नर रखेंगे फरियादियों का ध्यान

## पुलिस ऑफिस में बनेंगे चार कमरे, बन गया प्लान

## अब फरियादी जनसुनवाई के लिए एयर कंडीशन कमरों में करेंगे वेट



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नर गाजियाबाद जे रविंदर गौड़ जहां पुलिसकर्मियों को आम जनता के साथ बेहतर व्यवहार करने का पाठ पढ़ाते हैं। तो वहीं पुलिस ऑफिस में आने वाले लोगों को ठंडा पानी और पेठा भी दिया जा रहा है। इसके साथ ही अब जनसुनवाई के लिए पुलिस ऑफिस और कमिश्नर से मुलाकात करने वाले लोग गर्मी और खुले में नहीं बैठेंगे। इसके लिए पुलिस ऑफिस में चार नए कमरों का निर्माण कार्य शुरू करवा दिया गया है। इन नए कमरों में दो कमरे जनसुनवाई और फरियादियों के बैठने के लिए रहेंगे। तो एक कमरा शिकायत प्रकोष्ठ के पुलिस कर्मियों के नाम रहेगा। साथ ही एक वेटिंग रूम भी बनाया जाएगा। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार यहां कमरे बनाने के लिए खुदाई का काम शुरू हो गया है। जल्द ही कमरों के निर्माण कार्य पूरे करवा कर यहां फरियादियों और आगंतुकों को बैठाया जाएगा।

### शिकायत प्रकोष्ठ का ऑफिस भी होगा मेंटेन

### एयर कंडीशन होंगे रूम और फर्नीचर रहेगा भरपूर

**करंट क्राइम :** पुलिस ऑफिस में जब से पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड़ ने बैठना शुरू किया है। वहीं से ही जनसुनवाई कर रहे हैं, तो आने वाले दिनों में यहां अधिकारियों की बैठक भी प्रथम स्थल पर होनी शुरू हो जाएगी। इसके साथ ही अब तक जनसुनवाई और अपनी समस्या लेकर आने वाले फरियादी कमिश्नर के प्रांगण में खुले में बैठते थे। इस स्थान को जल्द नए एयर कंडीशन रूम में शिफ्ट किया जाएगा। निर्माण कार्य शुरू हो गया है। दो से तीन कमरों का प्लान रहेगा, जिसमें जनसुनवाई और आगंतुकों के साथ ही वेटिंग रूम रहेगाा। तो वहीं शिकायत प्रकोष्ठ सेल के लिए भी एक ऑफिस रिजर्व कर दिया गया है। पुलिस कमिश्नरेट के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार यहां एयर कंडीशन लगाया जाएगा। तो फर्नीचर भी बड़ी संख्या में रहेगा ताकि आने वाले लोग आराम से बैठ सके और उन्हें किसी प्रकार की परेशानी ना हो।

### पुलिस ऑफिस में जोरों पर चल रहा है निर्माण कार्य



**करंट क्राइम :** पुलिस मुख्यालय में इन दिनों जोरों पर निर्माण कार्य चल रहा है। जहां पुलिस ऑफिस की चार दीवारी को बेहतर बनाने का काम चल रहा है। तो वहीं प्रथम तल पर अधिकारियों के बैठने के लिए मीटिंग हॉल बनाया जा रहा है। इसके साथ ही दो एसीपी के लिए कक्ष में काम शुरू हो गया है। तो वहीं अन्य अधिकारियों के लिए भी बेहतर इंतजाम किए जा रहे हैं ताकि वह स्वस्थ माहौल के बीच बेहतर ड्यूटी दे सकें। पुलिस कमिश्नर गाजियाबाद जे रविंदर गौड़ का कहना है कि बेहतर पुलिसिंग के लिए पुलिस कर्मियों के कार्यालय और उनके बैठने का स्थान भी बेहतर होना आवश्यक है।

## संपादकीय

# आपरेशन सिंदूर से साफ संदेश

भारत–पाक संघर्ष विराम के बाद प्रधानमंत्री ने स्पष्ट कर दिया कि आतंकवाद के खिलाफ भारत की नीति में कोई बदलाव नहीं आया है। आतंकवाद और बातचीत या व्यापार साथ–साथ नहीं चल सकते। सैन्य संघर्ष फिलहाल स्थगित किया गया है, वह समाप्त नहीं हुआ है। आपरेशन सिंदूर अब भारत की नई नीति है। इससे पहले तीनों सेनाओं के प्रमुखों ने संयुक्त रूप से बयान जारी किया था कि संघर्ष विराम अस्थायी है, सेना नए अभियान के लिए तैयार है। फिर राष्ट्र के नाम संबोधन के अगले दिन प्रधानमंत्री आदमपुर वायुसेना अड्डे पर सैनिकों से मिलने गए और वहां भी यही संकेत दिया कि आतंकवाद के खिलाफ भारत की रणनीति यथावत है। सेना बार–बार दावा कर रही है कि सैन्य अभियान आतंकवाद के खिलाफ था इस तरह अचानक किए गए संघर्ष विराम के फैसले को लेकर पिछले दो–तीन दिनों से जो अटकलें लगाई और सवाल उठाए जा रहे थे, उन पर विराम लग जाना चाहिए। सेना बार–बार कहती रही है कि उसका सैन्य अभियान आतंकवाद के खिलाफ था। अब भी प्रधानमंत्री ने वही बात दोहराई है कि आतंकवाद को नेस्तनाबूद करना ही हमारा असल मकसद है। प्रधानमंत्री ने प्रकारांतर से पाकिस्तान और भारत के बीच के मसलों को सुलझाने के लिए मध्यस्थता के प्रस्ताव पर स्पष्ट कह दिया कि जब भी बात होगी तो पाक अधिकृत कश्मीर और आतंकवाद पर ही होगी।

पहलगाम हमले के बाद आपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना ने पाकिस्तान स्थित नौ आतंकी ठिकानों पर लक्षित हमले किए थे। इसके साथ ही सरकार ने सप्रमाण दुनिया भर को बता दिया था कि उसका मकसद पाकिस्तान पर नहीं, बल्कि वहां चल रहे आतंकी संगठनों पर हमला करना था। मगर पाकिस्तान ने उसके जवाब में भारतीय सीमा के नागरिक ठिकानों पर गोलाबारी शुरू कर दी थी, जिसका जवाब देना जरूरी हो गया था। ऐसे में स्थिति लगातार संघर्ष के बढ़ते जाने की बन गई थी।

संघर्ष किस हद तक पहुंच जाता, कहना मुश्किल है। इसलिए सैन्य संघर्ष पर विराम और आतंकवाद के खिलाफ नई रणनीति बनाना जरूरी था। भारत शुरू से कहता रहा है कि युद्ध किसी समस्या का समाधान नहीं हो सकता। फिर, उसका जोर अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने और दुनिया की शीर्ष शक्तिशाली अर्थव्यवस्थाओं में शुमार होने पर है। ऐसे में पाकिस्तान के साथ लंबे समय तक सैन्य संघर्ष में उलझे रहना कोई समझदारी की बात नहीं होती। फिर, जिस तरह के वैश्विक समीकरण बने हैं, उसमें यह संघर्ष केवल दो देशों तक सीमित रह पाता, यह कहना भी मुश्किल था।

इसके अलावा, दुश्मन देश के साथ तनाव के वातावरण में अगर कोई राजनीतिक लाभ उठाने की कोशिश कर रहा हो तो उसे ठीक नहीं कहा जा सकता। संघर्ष विराम के बाद भी सीमा पर पाकिस्तानी सेना की तरफ से गोलीबारी थमी नहीं है। सेना ने आशंका जाहिर की है कि ऐसा वह आतंकवादियों की घुसपैठ कराने और हमारी चौकियों पर कब्जा करने की मंशा से कर रही होगी।

## रोचक तथ्यों का करंट

- यदि आप वजन कम करने की कोशिश कर रहे हैं, तो पिस्ता खाना शुरू कर दें, क्योंकि इसमें मौजूद प्रोटीन और फाइवर जल्दी भूख नही लगने देते हैं। यह बैड कोलेस्ट्रॉल यानी एलडीएल को कम करता है और गुड एलडीएल को बढ़ाता है। यह मांसपेशियों की ताकत को बढ़ाकर दिल को मजबूत बनाए रखता है।
- इसमें मौजूद विटामिन बी 6 खून में ऑक्सीजन ले जाता है। प्रतिदिन इसके सेवन से खून में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ जाती है व हीमोग्लोबिन भी बढ़ता है।
- इसमें विटामिन–ई और वसा युक्त घुलनशील एन्टी–ओक्सिडेंट होते हैं, जो त्वचा को स्वस्थ बनाए रखने के साथ प्राकृतिक सुंदरता प्रदान करते हैं।
- पिस्ता में मौजूद कैल्शियम, मैग्नेशियम और पोटेसियम हड्डियों को मजबूत करते हैं और हड्डी से संबंधित बीमारी को भी रोकते हैं।
- रोजाना एक कप पिस्ता आवश्यक फॉस्फोरस की 60 फीसदी जरूरत को पूरा करता है। यह डायबिटीज से भी बचाता है। भुना हुआ पिस्ता न खाएं, क्योंकि इसमें सोडियम अधिक होता है। इससे ब्लड प्रेशर बढ़ता है।

## राशिफल

**मेष:** दूर से शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। परिवार में अतिथियों का आगमन होगा। आत्मविश्वास में बढ़ोतरी होगी। वाणी पर संयम रखें।

**वृष:** व्यावसायिक लंबी यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। नए काम प्राप्त होंगे। अप्रत्याशित लाभ के योग हैं। लॉटरी–सट्टे से दूर रहें।

**मिथुन:** किसी भी प्रकार से धनहानि के योग हैं। लापरवाही न करें। कोई बड़ा खर्च एकाएक सामने आ सकता है। आर्थिक स्थिति बिगड़ सकती है।

**कर्क:** पराक्रम व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। दूसरे आपकी बात मानेंगे। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। चोट लग सकती है।

**सिंह:** किसी अनहोनी की आशंका रह सकती है। आर्थिक उन्नति के लिए नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। नए अनुबंध हो सकते हैं।

**कन्या:** जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रह सकती है। यात्रा सफल रहेगी। कोर्ट–कचहरी तथा सरकारी कार्यालयों में अटके काम अनुकूल रहेंगे।

**तुला:** दुष्टजनों से सावधान रहें। वाहन व मशीनरी इत्यादि के प्रयोग में सावधानी आवश्यक है। शारीरिक हानि की आशंका है। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा।

**वृश्चिक:** दांपत्य जीवन मधुर रहेगा। कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति लाभदायक बनेगी। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे। चोट लग सकती है।

**धनु:** ऐश्वर्य के साधनों पर व्यय हो सकता है। प्रतिद्वंद्वी रास्ता छोड़ देंगे। भूमि व भवन संबंधित कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं।

**मकर:** व्यस्तता के चलते थकान रह सकती है। विद्यार्थी वर्ग अपने कार्य उत्साह व लगन से कर पाएगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा।

**कुंभ:** वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। प्रेम–प्रसंग में तनाव रह सकता है। समय पर कार्य न होने से क्षोभ उत्पन्न होगा। कोई दु :खद समाचार प्राप्त हो सकता है।

**मीन:** लेन–देन में सावधानी रखें। आय में वृद्धि होगी। पहले की गई मेहनत का फल मिलेगा। समाजसेवा करने की इच?छा जागृत होगी। मान–सम्मान मिलेगा।

# अप्रैल में थोक मूल्य मुद्राफीति घटकर 0.85% हुई, बीते 13 महीने में सबसे कम

**नई दिल्ली।** आरबीआई मौद्रिक नीति तैयार करते समय मुख्य रूप से खुदरा मुद्रास्फीति को ध्यान में रखता है। इससे पहले मंगलवार को सरकार ने पिछले महीने की खुदरा महंगाई दर के आंकड़े जारी किए थे। इसके अनुसार अप्रैल महीने में खुदरा महंगाई दर घटकर लगभग 6 वर्षों के निचले स्तर 3.16 प्रतिशत पर आ गई। अप्रैल में थोक मूल्य मुद्रास्फीति घटकर 0.85 प्रतिशत पर आ गई, जो मार्च में 2.05 प्रतिशत थी। बुधवार को जारी सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, खाद्य पदार्थों, बनाए गए उत्पादों और ईंधन की कीमतों में कमी आने से अप्रैल में थोक मूल्य मुद्रास्फीति घटकर 0.85 फीसदी रह गई। मार्च में थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति 2.05 फीसदी थी। पिछले साल अप्रैल में यह 1.19 फीसदी थी। उद्योग मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि अप्रैल में मुद्रास्फीति की सकारात्मक दर



मुख्य रूप से खाद्य उत्पादों, रसायन और रासायनिक उत्पादों, परिवहन उपकरणों और मशीनरी के विनिर्माण आदि की कीमतों में वृद्धि के कारण है।

थोक मूल्य सूचकांक (हढक) के आंकड़ों के अनुसार, खाद्य पदार्थों में अप्रैल में 0.86 प्रतिशत की गिरावट देखी गई, जबकि मार्च में मुद्रास्फीति 1.57 प्रतिशत थी। सब्जियों की कीमतों में भारी गिरावट देखी गई। अप्रैल में सब्जियों की कीमतों में 18.26 फीसदी की गिरावट अप्रैल में सब्जियों की कीमतों में 18.26 फीसदी की गिरावट रही, जबकि मार्च में यह गिरावट 15.88% थी। प्याज में अप्रैल में मुद्रास्फीति घटकर 0.20 प्रतिशत रह गई, जबकि मार्च में यह 26.65 फीसदी थी। हालांकि, अप्रैल में विनिर्मित उत्पादों में मुद्रास्फीति 2.62 प्रतिशत रही, जबकि मार्च में यह 3.07 प्रतिशत थी।

### खुदरा महंगाई दर घटकर 6 वर्षों के निचले स्तर पर

इससे पहले मंगलवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, अप्रैल में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित मुद्रास्फीति 3.16 प्रतिशत रही, जो जुलाई, 2019 के बाद का सबसे निचला स्तर है। जुलाई, 2019 में यह 3.15 प्रतिशत थी। अप्रैल में खाद्य महंगाई दर घटकर 1.78 प्रतिशत रही, जो मार्च में 2.69 प्रतिशत और पिछले साल अप्रैल में 8.7 प्रतिशत थी। यह गिरावट मुख्य रूप से सब्जियों, फलों, दालों और अन्य प्रोटीन युक्त वस्तुओं की कीमतों में नरमी के कारण दर्ज की गई।

### संतोषजनक दायरे में बनी हुई खुदरा मुद्रास्फीति

अब तक खुदरा मुद्रास्फीति भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के संतोषजनक दायरे में बनी हुई है। आरबीआई को सरकार ने मुद्रास्फीति दो प्रतिशत घट–बढ़ के साथ चार प्रतिशत पर बनाए रखने का दायित्व सौंपा है। पिछले महीने खाद्य मुद्रास्फीति 1.78 प्रतिशत रही, जो एक साल पहले इसी महीने में 8.7 प्रतिशत थी। मार्च में खाद्य मुद्रास्फीति 2.69 प्रतिशत रही थी।

# पाकिस्तान समेत 7 पड़ोसी देशों की संयुक्त अर्थव्यवस्था पर भारी एसबीआई की बैलेंसशीट

**नई दिल्ली।** एसबीआई समूह का खाता–बही 858.82 अरब डॉलर यानी 73.14 लाख करोड़ रुपये है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष यानी आईएमएफ के अनुसार, 2024 में सात देशों की अर्थव्यवस्था 611.05 अरब डॉलर रही। यानी एसबीआई के खाता–बही से करीब 200 अरब डॉलर कम है। महज 15 अरब डॉलर के विदेशी मुद्रा भंडार के बल पर भारत के साथ लड़ रहा पाकिस्तान किसी भी पैमाने पर हमारे देश के समक्ष नहीं टिक सकता है। देश के सबसे बड़े बैंक एसबीआई के खाता–बही को देखें तो यह हमारे पड़ोसी सात देशों की संयुक्त जीडीपी से भी ज्यादा है जिसमें पाकिस्तान भी शामिल है।



### संघर्ष से पाकिस्तान पर बड़ा अप्रत्यक्ष आर्थिक प्रभाव भी

पाकिस्तान के लिए भारत के साथ संघर्ष का अप्रत्यक्ष आर्थिक प्रभाव भी बहुत बड़ा होगा। आर्थिक गतिविधियों में रुकावट और समग्र आर्थिक अनिश्चितता से जीडीपी को 25 अरब डॉलर तक का चूना लग सकता है। वित्तीय बाजार की अस्थिरता और मुद्रा अवमूल्यन के कारण भी पाकिस्तान को 15 अरब डॉलर का नुकसान उठाना पड़ सकता है। इसके अलावे व्यापार और आपूर्ति शृंखला में व्यवधान से लगभग 12 अरब डॉलर का नुकसान हो सकता है। 5 अरब डॉलर के नुकसान का अनुमान एफडीआई प्रवाह और आईएमएफ से जुड़ा 5 अरब डॉलर का नुकसान भी पाकिस्तान को उठाना पड़ सकता है। मीडिया रिपोर्ट्स में किए गए दावों के अनुसार पाकिस्तान और भारत दोनों को संघर्ष जारी रहने से चार सप्ताह की अवधि में करीब $500 अरब डॉलर से अधिक का नुकसान उठाना पड़ सकता है।

# यूएस–चीन समझौते से एशियाई बाजार को राहत

## सोने की कीमतों और टैरिफ नीति का सीपीआई पर होगा असर



**नई दिल्ली।** रूसी तेल आपूर्ति को सुचारू रखने के लिए भारत ने तीन और रूसी बीमा कंपनियों स्वरबैंक इंश्योरेंस, युगोरिया इंश्योरेंस ग्रुप और एएसटीके इंश्योरेंस कंपनी को भारतीय बंदरगाहों पर आने वाले जहाजों के लिए समुद्री बीमा करने की मंजूरी दी है। इसके साथ भारत में अब जहाजों के लिए सुरक्षा और क्षतिपूर्ति (पीएंडआई) कवरेज के लिए रूस की मान्यता प्राप्त संस्थाओं की संख्या 8 हो चुकी है। अधिसूचना के अनुसार, यह कदम रूस को भारत जैसे प्रमुख बाजार में तेल आपूर्ति बनाए रखने में मदद करेगा। भारत, चीन के बाद रूसी समुद्री तेल का सबसे बड़ा खरीदार है, क्योंकि यूक्रेन में रूस के सैन्य कार्यवाही के कारण पश्चिमी देशों ने रूसी तेल खरीद पर प्रतिबंध लगाए थे।

### क्यों होती है जहाजों की बीमा की जरूरत

अमेरिका और यूरोपीय संघ की ओर से रूस की तेल आपूर्ति शृंखला की बढ़ती जांच और जी–7 देशों की ओर से पश्चिमी जहाजों और बीमा के उपयोग के लिए तेल मूल्य सीमा के कारण रूस को तेल निर्यात में कठिनाई हो रही है। इससे बचने के लिए भारतीय रिफाइनरियां रूसी तेल को डिलीवर बेसिस पर खरीदती हैं, जिसमें विक्रेता जहाज और बीमा प्रदान करते हैं। फरवरी में भारत के तेल सचिव ने कहा था कि भारत केवल उन रूसी कंपनियों और जहाजों से तेल खरीदना चाहता है, जो अमेरिकी प्रतिबंधों के अधीन नहीं हैं। यह मंजूरी भारत–रूस व्यापार को और मजबूत करेगी।

### आनंद राठी शेयर ने 90 लाख में निपटाया मामला

आनंद राठी शेयर एवं स्टॉक ब्रोकर्स ने 90.2 लाख रुपये भरकर सेबी के साथ मामले का निपटान कर लिया है। मामला केपीआईटी शेयरों में फ्रंट रनिंग से जुड़ा है। बाजार नियामक सेबी ने आनंद राठी को 7 मार्च, 2024 को कारण बताओ नोटिस जारी किया था।

### सिप्ला 16 व टाटा मोटर्स 6 रुपये प्रति शेयर देगी लाभांश

सिप्ला और टाटा मोटर्स ने शेयरधारकों को लाभांश देने की घोषणा की है। सिप्ला ने बताया, उसे मार्च तिमाही में 1,222 करोड़ का लाभ हुआ, जो एक साल पहले की तुलना में 30 फीसदी अधिक है। कंपनी 16 रुपये प्रति शेयर लाभांश देगी। उधर, टाटा मोटर्स को मार्च तिमाही में 8,556 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ है। कंपनी ने प्रति शेयर 6 रुपये लाभांश देने की घोषणा की है।

## चुटकुले

बिहारी ससुर अपने दामाद को पटियाला पैग पकड़ाते हुए भोजूपरी में कहा...
ससुर– बेटा, पियत हो का...
दामाद– आज सुबह से श्री गणेश किया हूं...
इसे खत्म कर लेते हैं...फिर अपनी वाली निकालता हूं...
ससुर बहोश...

---

समोसे में लड़की का बाल देखकर पप्पू बोला...
पप्पू– भइया तुम्हारे समोसे में लड़की का बाल है।
समोसे वाला– तो 10 रुपए में क्या पूरी लड़की निकलेगी?

---

पति– क्या देख रही हो?
पत्नी– कुकिंग शो।
पति– दिन भर कुकिंग शो देखा करती हो, खाना बनाना तो फिर भी नहीं आया तुम्हें।
पत्नी– आप भी तो कौन बनेगा करोड़पति देखते रहते हैं, तो कौन सा करोड़पति बन गए।

## 15 05 2025 करंट क्राइम

सेलेब्रिटी जन्मदिन

जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

# आज के जन्मदिन



माधुरी दीक्षित
अभिनेत्री



अनमोल तंवर



अब्दुल्ला सैफी



अबुजर सैफी



हरीश कुमार
(करंट क्राइम)



मास्टर जितेन्द्र सैंन



संदीप वर्मा



डॉ. मुर्शरफ बेग



जितेन्द्र शर्मा



राजू त्यागी



धर्मेन्द्र शर्मा



गौरव शर्मा भारद्वाज



लक्ष्मी सिंह



मोहित नम्बरदार



राजीव शर्मा



रोहन कश्यप



संतोष दीक्षित



वरूण दहिया



यश पांचाल



आकाश यादव



अनिल कुमार बघेल



धर्मपाल



नितिन गुप्ता



राजकुमार



कुंदन कमल



नारायण सिंह वत्स



प्रदीप कुमार सिंह



शिवा ववालकर



रमेश शर्मा

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ–23, सैक्टर–6, नोएडा–201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी–2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली–110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया–पाया, संबंध–विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के–2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# बीसीसीआई सेक्रेटरी बोले-रोहित-विराट ग्रेड ए+ में बने रहेंगे

## वे अभी भी भारतीय क्रिकेट का हिस्सा, दोनों ने टी-20 और टेस्ट से संन्यास लिया



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने विराट कोहली और रोहित शर्मा के ए+ ग्रेड कॉन्ट्रैक्ट को जारी रखने का फैसला किया है, भले ही वे टेस्ट और टी-20 क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं। पिछले महीने इउउक ने सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट की घोषणा की थी। इसमें दोनों खिलाड़ी ग्रेड ए+ में थे।

बीसीसीआई के सेक्रेटरी देवजीत सैकिया ने कहा, कोहली और रोहित का ग्रेड ए+ कॉन्ट्रैक्ट उनके टी-20 और टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के बाद भी जारी रहेगी। वे अभी भी भारतीय क्रिकेट का हिस्सा हैं और उन्हें ग्रेड ए+ में मिलने वाली सभी सुविधाएं मिलती रहेंगी।

रोहित-विराट ने टेस्ट को अलविदा कहा 5 दिन के अंदर रोहित शर्मा और विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह दिया था। रोहित ने 7 और कोहली ने 12 मई को टेस्ट से संन्यास लिया था। वहीं, दोनों ने 2024 टी-20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट से संन्यास ले लिया था।

ग्रेड ए+ में 4 खिलाड़ी बीसीसीआई ने 21 अप्रैल को सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट की घोषणा की थी। ग्रेड ए+ में कोहली और रोहित के अलावा जसप्रीत बुमराह और रविंद्र जडेजा हैं। बीसीसीआई ग्रेड-ए+ में हर खिलाड़ी को सलाना 7 करोड़ रुपए देती है।

बोर्ड की सूची में 34 खिलाड़ी शामिल बोर्ड के सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट वाले खिलाड़ियों में 34 खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। पिछले साल 30 खिलाड़ियों को सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट दिया गया था। वहीं ग्रेड ए+ में पिछले साल की तरह चार खिलाड़ी ही हैं। ग्रेड ए में 6 खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। पिछली बार भी इस कैटेगरी में 6 खिलाड़ी थे। वहीं इ में पिछली बार की तरह पांच खिलाड़ी और उ में 19 खिलाड़ी हैं। पिछली बार 15 खिलाड़ी शामिल किए गए थे।

# 26 मई से पहले स्वदेश लौट जाएंगे दक्षिण अफ्रीका के खिलाड़ी? डब्ल्यूटीसी फाइनल डाल सकता है खलल



**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच 11 जून से लॉर्ड्स में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का फाइनल मुकाबला खेला जाना है और इस कारण इन दोनों देशों के खिलाड़ियों के आईपीएल 2025 के शेष मैचों में खेलने पर संशय चल रहा है। दक्षिण अफ्रीका के मुख्य कोच शुकरी कोनराड ने भी खिलाड़ियों की उपलब्धता पर बयान दिया है और उनका कहना है कि आईपीएल में हिस्सा ले रहे राष्ट्रीय टीम के खिलाड़ी 26 मई तक स्वदेश लौट आएं।

### टूर्नामेंट के आगे बढ़ने से हुई दिक्कत

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव को देखते हुए आईपीएल 2025 को एक सप्ताह के लिए स्थगित किया था। बोर्ड ने हाल ही में इसका संशोधित कार्यक्रम जारी किया जिसके अनुसार टूर्नामेंट 17 मई से शुरू होगा और इसका फाइनल तीन जून को खेला जाएगा। हालांकि, टूर्नामेंट आगे बढ़ने से टीमों को अंतरराष्ट्रीय प्रतिबद्धताएं पूरी करने में दिक्कतें आ रही है। सबसे ज्यादा चिंता की बात ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के खिलाड़ियों के लिए है।

कोनराड ने आईपीएल का सत्र बढ़ने पर कहा, 'आईपीएल और बीसीसीआई के साथ शुरूआती समझौता यह था कि खिलाड़ी 25 मई को होने वाले फाइनल के बाद 26 मई को वापस लौटेंगे। हमारे दृष्टिकोण से कुछ भी नहीं बदला है, यही बातचीत चल रही है। जैसा कि अभी है, हम चाहते हैं कि हमारे खिलाड़ी 26 तारीख तक वापस आ जाएं।' क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए टीम घोषित कर दी है और माना जा रहा है कि सभी खिलाड़ियों को 31 मई तक इंग्लैंड पहुंचना है। आईपीएल में नहीं खेल रहे खिलाड़ी 30 मई तक पहुंचेंगे, जबकि आईपीएल में खेलने वाले खिलाड़ियों को फ्रेंचाइजी का साथ प्लेऑफ से पहले छोड़ना होगा। डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए दक्षिण अफ्रीका टीम में शामिल कई खिलाड़ी ऐसे हैं जो आईपीएल में खेल रहे हैं। इनमें से सात खिलाड़ियों की टीम प्लेऑफ की दौड़ में बनी हुई है, इनमें कॉर्बिन बॉश और रियान रिक्लेटन (मुंबई इंडियंस), कगिसो रबाडा (गुजरात टाइटंस), ट्रिस्टन स्टब्स (दिल्ली कैपिटल्स), एडेन मार्करम (लखनऊ सुपर जाएंट्स), मार्को यानसेन (पंजाब किंग्स), लुंगी एनगिडी (आरसीबी) और वियान मुल्डर (सनराइजर्स हैदराबाद) शामिल है।

इन खिलाड़ियों को शुरू में 25 मई तक आईपीएल में भाग लेने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) दिया गया था, लेकिन टूनार्मेंट के आगे बढ़ने का मतलब है कि अब उन्हें उस तिथि से आगे जारी रखने के लिए नए सिरे से मंजूरी की आवश्यकता होगी। डब्ल्यूटीसी फाइनल की महत्ता को देखते हुए क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका द्वारा इन्हें एनओसी देने की संभावना नहीं है। आईपीएल फाइनल और डब्ल्यूटीसी फाइनल की शुरूआत के बीच सिर्फ आठ दिन का अंतर होने के कारण दक्षिण अफ्रीकी प्रबंधन थकान से बचने और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने बड़े मुकाबले के लिए तैयारी का समय सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।

# प्रज्ञानंद ने डुडा के खिलाफ खेला ड्रॉ, संयुक्त बढ़त बरकरार रखी; गुकेश को फिर मिली हार



**नई दिल्ली।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानंद ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पोलैंड के डुडा जान क्रिस्टोफ के खिलाफ ड्रॉ खेला और संयुक्त बढ़त बरकार रखी है। सुपरबेट शतरंज क्लासिक के छठे दौर के बाद प्रज्ञानंद के 3.5 अंक हैं। इंग्लिश ओपनिंग में काले मोहरों से खेलते हुए प्रज्ञानानंदा को डुडा ने शुरू में परेशान किया लेकिन बाद में उन्होंने लय पकड़ ली।

दूसरी ओर, विश्व चैंपियन डी गुकेश को फ्रांस के अलीरजा फिरोजा ने हरा दिया। गुकेश इस हार के बाद लाइव रैंकिंग में पांचवें स्थान पर खिसक गए, जबकि अर्जुन एरिगेसी तीसरे नंबर पर आ गए हैं। अलीरजा, अमेरिका के फेबियानो कारूआना, फ्रांस के मैक्सिम वाचियेर लाग्रेव और प्रज्ञानंद संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं।

# रियो ओलिंपिक के गोल्ड मेडलिस्ट रेसलर पर प्रॉस्टिट्युशन के आरोप

## कोलंबस पुलिस ने रंगे हाथों गिरफ्तार किया, 19 मई को कोर्ट में पेश होंगे





**कोलंबस।** रियो ओलिंपिक 2016 में गोल्ड जीतने वाले अमेरिकी रेसलर काइल स्नायडर को कोलंबस पुलिस ने प्रॉस्टिट्युशन के मामले में गिरफ्तार किया है। वे शुक्रवार रात को एक प्रॉस्टिट्युशन से जुड़े स्टिंग ऑपरेशन में फंसे थे। हालांकि, पूछताछ के बाद स्नाइडर को मौके से ही छोड़ दिया। अब उन्हें 19 मई 2025 को अदालत में पेश होना होगा।

अमेरिकी मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, 29 साल के स्नाइडर के अलावा, 15 अन्य लोगों को इस मामले में आरोपी बनाया गया है। यह कार्रवाई कोलंबस पुलिस विभाग ने कोलंबस के नॉर्थ साइड इलाके में की।

ऐसे पकड़ में आए स्नायडर पुलिस ने बताया कि हमने ऑनलाइन एस्कॉर्ट सेवा के फर्जी विज्ञापन पोस्ट किए थे, ताकि वे ऐसे लोगों को पकड़ सकें। जो प्रॉस्टिट्युशन जैसी गैरकानूनी सेवाओं की तलाश कर रहे थे। शुक्रवार रात 8:15 बजे के करीब स्नायडर ने इन विज्ञापनों पर दिए गए नंबर पर कॉल और टेक्स्ट मैसेज भेजे।

रेसलर को लगा कि वे किसी असली एस्कॉर्ट सर्विस से संपर्क कर रहे हैं। इतना ही नहीं, कॉल के बाद वे पास के एक होटल पहुंचे। जहां उन्होंने एक पुलिस की महिला अधिकारी को नकद पैसे दिए। अधिकारी ने मौखिक रूप से यौन सेवा की मांग की। तभी पुलिस ने उन्हें रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया।

लगातार 2 ओलिंपिक में मेडल जीत चुके हैं स्नायडर स्नायडर अमेरिका के मैरीलैंड राज्य के रहने वाले हैं। वे रेसलिंग वर्ल्ड में एक जाना-पहचाना नाम हैं। स्नायडर ने 5 साल की छोटी सी आयु में रेसलिंग शुरू की। उन्होंने ओहायो स्टेट यूनिवर्सिटी में पढ़ाई की। वहां तीन बार लगातार ठउअअ हेवीवेट रेसलिंग चैंपियन रहे।

वे 2015 में ओहायो स्टेट की नेशनल चैंपियन टीम का हिस्सा भी थे। उन्हें 2024 में ओहायो स्टेट के एथलेटिक्स हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया था। स्नाइडर के पिता अमेरिकी सरकार के साथ क्रिमिनल इन्वेस्टिगेटर के रूप में कार्यरत हैं और कॉलेज स्तर पर फुटबॉल खेल चुके हैं।

# खाचानोव को हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंचे अल्कारेज, महिलाओं में सबालेंका अंतिम आठ में पहुंचीं



**स्पेन।** मैड्रिड मास्टर्स में चोट के चलते अंतिम क्षणों में नाम वापस लेने वाले स्पेन के कार्लोस अल्कारेज को इटालियन ओपन टेनिस टूनार्मेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के लिए कड़ा संघर्ष करना पड़ा। उन्होंने कारेन खाचानोव को 6-3, 3-6, 7-5 से हराकर तीन सेटों में जीत दर्ज की। अंतिम-8 में उनका मुकाबला इंग्लैंड के पांचवीं वरीय जैक ड्रैपर से होगा। ड्रैपर इस वर्ष अल्कारेज को इंडियन वेल्स के सेमीफाइनल में हरा चुके हैं।

ड्रैपर ने तीसरे दौर के मैच में फ्रांस के कोरेंटीन मोटेट को तीन सेटों के संघर्ष में 1-6, 6-4, 6-3 से हराया। अल्कारेज का ड्रैपर के खिलाफ जीत हार का रिकॉर्ड 3-2 है। वहीं, महिला वर्ग के तीसरे दौर के मुकाबले में शीर्ष वरीय बेलारूस की अरिना सबालेंका ने यूक्रेन की मार्ता कोस्तयुक को सीधे सेटों में 6-1, 7-6 से परास्त कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। क्वार्टर फाइनल में उनका सामना चीन की आठवीं वरीय क्विन वेन झेंग से होगा।

# लक्ष्य सेन थाईलैंड ओपन के पहले दौर में हारे आकर्षी-उन्नति संघर्षपूर्ण जीत के साथ आगे बढ़ीं



**नई दिल्ली।** भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन को थाईलैंड ओपन के पहले ही दौर में हार का सामना करना पड़ा। वहीं, आकर्षी कश्यप और उन्नति हुड्डा बुधवार को संघर्षपूर्ण जीत के साथ इस सुपर 500 टूनार्मेंट के अगले दौर में पहुंचने में सफल रहीं।

### निर्णायक गेम में हारे लक्ष्य

लक्ष्य को पुरुष एकल वर्ग में आयरलैंड के नहात नगुयेन के खिलाफ एक घंटा 20 मिनट तक चले तीन गेम के मुकाबले में 18-21, 21-9, 17-21 से हार का सामना करना पड़ा। पहले गेम में पिछड़ने के बाद लक्ष्य ने दूसरे गेम में लय हासिल की और आक्रामक रैलियों से प्रभावित किया। हालांकि, नगुयेन ने भी हार नहीं मानी और निर्णायक गेम में 17-13 से आगे हुए और फिर इसे अपने नाम कर लिया। वहीं, प्रियांशु रजावात को भी पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा और वह इंडोनेशिया के अल्वी फरहान के खिलाफ 13-21, 21-17, 16-21 से हार गए।

### महिलाओं ने नहीं किया निराश

महिला एक वर्ग में आकर्षी ने जापान की काओरु सुगियामा के खिलाफ रोमांचक मैच में जीत दर्ज की। उन्होंने 21-16, 20-22, 22-20 से यह मुकाबला अपने नाम किया। इस कड़े मुकाबले में आकर्षी ने अंत में जाकर जीत हासिल की। उन्नति को भी अगले दौर में पहुंचने के लिए पसीना बहाना पड़ा। उन्होंने थाईलैंड की थामोनवान निथितिकराई को 21-14, 18-21, 23-21 से हराया। हालांकि, रक्षिता श्रीसंतोष रामराज का सफर थम गया जिन्हें सिंगापुर की आठवीं वरीयता प्राप्त यिओ जिया मिन के खिलाफ 18-21, 7-21 से हार मिली।

# दिल्ली कैपिटल्स में हुई इस बांग्लादेशी गेंदबाज की एंट्री, मैकगर्क नहीं होंगे बचे हुए सत्र का हिस्सा





**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम के बाद आईपीएल 2025 की 17 मई से दोबारा शुरूआत होगी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने बाकी बचे 17 मैचों का कार्यक्रम भी जारी कर दिया है। इस बीच दिल्ली कैपिटल्स ने बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को टीम में शामिल किया है।

### मैकगर्क की जगह शामिल हुए रहमान

फ्रेंचाइजी ने बुधवार को मुस्तफिजुर रहमान के टीम में शामिल करने का एलान किया। उन्हें ऑस्ट्रेलिया के युवा ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर जैक फ्रेजर मैकगर्क की जगह टीम में शामिल किया गया है। आईपीएल की तरफ से जारी किए गए बयान के मुताबिक, मैकगर्क ने निजी कारणों से आईपीएल से बाहर होने का फैसला किया है।

बांग्लादेश के इस गेंदबाज को दिल्ली कैपिटल्स ने छह करोड़ रुपये में टीम में शामिल किया है। मुस्तफिजुर रहमान पहले भी इस टीम का हिस्सा रह चुके हैं। वह आईपील में चेन्नई सुपर किंग्स, मुंबई इंडियंस, राजस्थान रॉयल्स और सनराइजर्स हैदराबाद की तरफ से खेल चुके हैं। 57 मैचों में उन्होंने 61 विकेट हासिल किए हैं।

# टेस्ट टीम के कप्तान पर बहस जारी

## गावस्कर के बाद श्रीकांत-मांजरेकर ने भी बुमराह का किया समर्थन



**मुंबई।** रोहित शर्मा के टेस्ट प्रारूप से संन्यास लेने के बाद लाल गेंद के प्रारूप में किसे भारतीय टीम का कप्तान बनाया जाए इस पर बहस जारी है। भारत को अगले महीने इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है और टीम इस दौरे पर नए कप्तान के नेतृत्व में जाएगी। भारतीय टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर के बाद अब विश्व कप विजेता टीम के खिलाड़ी रहे कृष्णामचारी श्रीकांत और संजय मांजरेकर ने भी टेस्ट कप्तान के लिए जसप्रीत बुमराह का समर्थन किया है।

श्रीकांत ने बुमराह के कार्यभार प्रबंधन को लेकर चल रही चिंताओं को भी खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि केएल राहुल या ऋषभ पंत को उपकप्तान बनाना चाहिए जिससे अगर बुमराह अनुपस्थित रहें तो वह उनकी जगह जिम्मेदारी संभालें। श्रीकांत ने कहा, अब कप्तानी के लिए कौन तैयार उम्मीदवार है? शुभमन गिल? मुझे नहीं लगता कि अभी भी उनका प्लेइंग इलेवन में होना तय है। आप कप्तानी केएल राहुल या ऋषभ पंत को नहीं सौंप रहे हैं। तो आप जसप्रीत बुमराह को दे दीजिए।

उन्होंने कहा, दूसरा विकल्प बुमराह ही हैं। आप कहते हैं, बॉस, आप कप्तान हैं। जिस भी टेस्ट मैच में वह नहीं खेलते पाएंगे आप केएल राहुल को जिम्मेदारी दे सकते हो। फिलहाल, मुझे लगता है कि बुमराह को कप्तान होना चाहिए। अगर मैं मुख्य चयनकताओं होता, तो मैं बुमराह को कप्तान बनाता और फिर मैं कहता कि बॉस, आप जो भी मैच खेलना चाहते हैं, खेलें। फिर मैं केएल राहुल या ऋषभ पंत को उपकप्तान नियुक्त करता, क्योंकि इनका प्लेइंग इलेवन में होना तय है। इसमें कुछ भी गलत नहीं है। आप किसी को सिर्फ कप्तान के तौर पर नियुक्त नहीं कर सकते। मुझे नहीं पता कि चयनकर्ता क्या सोच रहे हैं, लेकिन यह मेरा नजरिया है।

### मांजेरकर ने भी जताई हैरानी

वहीं, पूर्व भारतीय क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने भी इस बात पर हैरानी जताई कि बुमराह अगले टेस्ट कप्तान के लिए प्रबल दावेदार नहीं है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर सवाल उठाए कि क्यों चयनकर्ता बुमराह का विकल्प खोज रहे हैं। उन्होंने लिखा, मैं हैरान हूं कि हम टेस्ट कप्तान के तौर पर बुमराह के अलावा किसी और विकल्प पर विचार कर रहे हैं। उनकी चोटों को लेकर चिंतित हैं? तो अपने उपकप्तान को सावधानी से चुनें।

### श्रीकांत बोले- गिल का प्लेइंग-11 में चुना जाना तय नहीं

श्रीकांत का कहना है कि बुमराह ने टीम के लिए जो योगदान दिया है उसे देखते हुए वह भारतीय टीम की कमान संभालने के हकदार हैं। इंडिया टूडे से बात करते हुए श्रीकांत ने कहा कि वह शुभमन गिल पर कप्तानी नहीं थोपना चाहते क्योंकि यह युवा बल्लेबाज टेस्ट टीम में अपनी जगह पक्की कर रहा है। भारतीय टेस्ट टीम की कप्तानी के लिए गिल दौड़ में आगे चल रहे हैं, लेकिन कई पूर्व खिलाड़ियों का मानना है कि टीम की कमान बुमराह को सौंपनी चाहिए।

# क्या हॉकी एशिया कप के लिए भारत आएगा पाकिस्तान

## पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तानियों की एंट्री बैन; 27 अगस्त से बिहार में टूनार्मेंट





**नई दिल्ली।** हॉकी एशिया कप के लिए पाकिस्तान टीम भारत आएगी या नहीं इस पर संशय बना हुआ। कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के बाद दोनों देशों के बीच जंग की स्थिति बन गई। 10 मई को सीजफायर जरूर हो गया, लेकिन किसी भी पाकिस्तानी को भारत में एंट्री की परमिशन नहीं मिली है।

बिहार के राजगीर में एशिया कप 27 अगस्त से 7 सितंबर तक खेला जाएगा। यह अगले साल होने वाले वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाइंग टूनार्मेंट है। जिसमें एशिया की टॉप-8 टीमें हिस्सा लेंगी। हॉकी इंडिया के सेक्रेटरी जनरल भोलानाथ सिंह ने कहा, 'पाकिस्तान टीम एशिया कप के लिए आएगी या नहीं, इस पर अभी कुछ कहना जल्दबाजी है। पहलगाम में आतंकी हमला और भारत का ऑपरेशन सिंदूर कुछ दिन पहले ही हुआ। ऐसे में इस वक्त कुछ भी कह पाना मुश्किल है। टूनार्मेंट शुरू होने में अब भी करीब 3 महीने का समय बचा है। हम शांति कायम होने का इंतजार कर रहे हैं। सरकार के जो भी निर्देश होंगे, हम उनका पालन करेंगे।'

### सरकार ने मना किया तो पाकिस्तान के बिना टूनार्मेंट होगा

हॉकी इंडिया के एक अधिकारी ने कहा, 'अगर सरकार ने पाकिस्तान को एंट्री देने से मना किया तो उनके बिना टूनार्मेंट कराया जाएगा। सबकुछ सरकार के फैसले पर निर्भर है।'

अगर पाकिस्तान खेलने के लिए भारत नहीं आई तो उनके बिना टूनार्मेंट कराने का फैसला पूरी तरह एशियन हॉकी फेडरेशन करेगा। वे चाहें तो 7 टीमों को टूनार्मेंट करा सकते हैं या फिर पाकिस्तान की जगह किसी और टीम को मौका भी दिया जा सकता है।

2016 में पठानकोट एयरबेस पर हुए आतंकी हमले के बाद भारत में जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप हुआ था। तब भी पाकिस्तान हॉकी टीम भारत नहीं आई थी। तब पाकिस्तान की जगह मलेशिया को एंट्री देकर टूनार्मेंट कराया गया था। दोनों देशों में तनाव के बाद पाकिस्तान का जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप के लिए भी भारत आना मुश्किल लग रहा है। टूनार्मेंट चेन्नई और मदुराई में 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक खेला जाएगा।

### वर्ल्ड कप में डायरेक्ट एंट्री दिलाता है एशिया कप

नीदरलैंड के एम्सरटडैम में अगले साल 14 से 30 अगस्त तक हॉकी वर्ल्ड कप होगा। एशिया कप जीतने वाली टीम को वर्ल्ड कप में डायरेक्ट एंट्री मिलती है। 5 बार की चैंपियन साउथ कोरिया डिफेंडिंग चैंपियन है। वहीं भारत और पाकिस्तान को अपने-अपने चौथे टाइटल का इंतजार है। हॉकी एशिया कप में भारत और पाकिस्तान के अलावा जापान, कोरिया, चीन, मलेशिया, ओमान और चीनी ताइपे भी हिस्सा लेंगी। 4-4 टीमों को 2 ग्रुप में बांटा जाएगा। दोनों ग्रुप की 2-2 टॉप टीमों के बीच सेमीफाइनल और इसे जीतने वाली टीमों के बीच 7 सितंबर को फाइनल होना है।

### भारत ने ऑपरेशन सिंदूर से लिया था बदला

कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को 3 आतंकियों ने 26 पर्यटकों की हत्या कर दी थी। जिसके बाद भारत ने सभी पाकिस्तानी नागरिकों को देश से निकाल दिया और कई पाकिस्तानी सोशल मीडिया अकाउंट्स को देश में बैन कर दिया। भारत ने 7 मई की देर रात ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में मौजूद आतंकी ठिकानों को तबाह किया और पहलगाम हमले का बदला लिया। जिसके बाद पाकिस्तान ने ड्रोन और मिसाइल से भारत पर हमला कर दिया। भारत ने जिसका मुंहतोड़ जवाब दिया। दोनों देशों में बॉर्डर पर तनाव चला और 10 मई को सीजफायर हो गया। दोनों ही देश अपनी-अपनी जीत का दावा कर रहे हैं।

# तिरंगा यात्रा के सफल आयोजन पर मयंक गोयल ने जताया आभार, सभी सहयोगियों का किया सम्मान




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारत माता के सम्मान और राष्ट्रभक्ति की भावना से ओतप्रोत तिरंगा यात्रा के सफल आयोजन के उपरांत भाजपा के महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने सोमवार को पार्टी कार्यालय पर आयोजन से जुड़े सभी 25 स्वागत केंद्रों के संयोजकों, सहयोग करने वाले कार्यकर्ताओं एवं संस्थाओं के प्रमुखों का स्वागत कर उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने सभी को पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया।

इस अवसर पर सभी प्रमुख कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने भी मयंक गोयल के कुशल नेतृत्व और समन्वय क्षमता की सराहना की और पूरी टीम को बधाई दी। सभी ने एक स्वर में कहा कि इस प्रकार की ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा का सफल आयोजन तभी संभव हो सका क्योंकि संगठन में दृढ़ इच्छाशक्ति और एकजुटता थी। मयंक गोयल ने कहा, तिरंगा यात्रा केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि राष्ट्रभक्ति की अभिव्यक्ति थी। इस यात्रा में हर कार्यकर्ता, हर नागरिक ने जोश और गर्व के साथ भाग लिया। मैं सभी सहयोगियों, संस्थाओं और गाजियाबाद की जनता का दिल से आभार व्यक्त करता हूं, जिनके सहयोग से यह ऐतिहासिक आयोजन संभव हुआ। यह हमारी एकता और देश के प्रति समर्पण का प्रतीक है। महानगर अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा संगठन जनभावनाओं का सम्मान करते हुए हमेशा राष्ट्रहित में ऐसे आयोजन करता रहेगा। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे इसी ऊर्जा और निष्ठा के साथ आगे भी कार्य करें।

# अवैध पटाखा फैक्ट्री का खुलासा, घर में बनाते थे पटाखे, आग लगने से एक की मौत; आरोपी गिरफ्तार




**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद के थाना लोनी बॉर्डर क्षेत्र में अवैध पटाखा निर्माण का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में बुधवार को तीसरे आरोपी शाहरुख को गिरफ्तार किया है।

21 अप्रैल को इंद्रपुरी स्थित एक मकान में पटाखों से आग लग गई थी। इस हादसे में कई लोग झुलसे थे, जिनमें से एक व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। पुलिस जांच में पता चला कि मकान में बिना लाइसेंस के पटाखे और आतिशबाजी का निर्माण किया जा रहा था। गिरफ्तार आरोपी शाहरुख ने पूछताछ में बताया कि वह मकान मालिक के साथ मिलकर चोरी-छिपे पटाखे बनाता और बेचता था। इस मामले में पुलिस पहले ही दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। 23 अप्रैल को मकान मालिक धर्मवीर और 25 अप्रैल को रहुफ को जेल भेजा जा चुका है। पुलिस ने घटना के दिन मौके पर पहुंचकर घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया था। जांच में सामने आया कि आरोपियों के पास पटाखा निर्माण का कोई वैध लाइसेंस नहीं था। पुलिस घटना के बाद से ही आरोपियों की तलाश में जुटी थी।




## जब भाजपाईन ने दे दिये कांग्रेस पार्षद को 10 में से 10 नंबर

सोशल मीडिया पर आप अपनी अभिव्यक्ति व्यक्त कर सकते हैं। पार्षदों के रिपोर्ट कार्ड को लेकर जब पब्लिक से उनके मन की बात पूछी गई और वार्ड का रिपोर्ट कार्ड उनके हाथ में दिया गया तो सीन कई स्थानों पर हार्ड हो गया। एक वार्ड ऐसा है जहां हमेशा कांग्रेस जीतती आई है। कमाल ये हुआ कि यहां भाजपा आईटी मोर्चा की कार्यकर्ता सोशल मीडिया पर खुलकर कांग्रेस के पार्षद राहुल मुलायम की जमकर तारीफ की। कह दिया कि आदर सम्मान करने वाले और एक आवाज में ही सबके लिए खड़े होने वाले हैं। काम भी अच्छे से करते हैं और मिलनसार हैं। ये बड़ी बात थी कि इस वार्ड में कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भले ही अपने पार्षद के लिए कुछ नहीं लिखा। लेकिन ये उससे भी बड़ी बात थी कि भाजपा की महिला कार्यकर्ता ने खुलकर कांग्रेस पार्षद की जमकर तारीफ की। ये एक अच्छी बात है कि अगर बात निष्पक्ष रूप से किसी के लिए कहनी हो तो राजनीति में भी इतनी नैतिकता और इतना साहस होना चाहिए कि अगर कोई सही है तो उसे सामने आकर सही कह दें।

## भगवा वकील साहब ने दी दलील, हमारे वार्ड में तो सियासी लोग रहते हैं

वैसे तो वो कौन सा मौहल्ला है जहां हर राजनीतिक दल के लोग नहीं रहते। सभी राजनीतिक दल अपनी अपनी बूथ टीम वार्ड टीम बनाते ही हैं। इस समीकरण से हर गली मौहल्ले में हर दल के पदाधिकारी मिल जायेंगे। लेकिन जब बात पार्षद के कार्यकाल की आई तो एक वार्ड ऐसा भी था जहां भगवा वकील साहब ने बढ़िया दलील दी और रिपोर्ट कार्ड से खुद को दूर कर लिया। उन्होंने लिख दिया कि हमारे यहां पर तो ज्यादातर पोलिटिक्ल पार्टी के लोग हैं और अगर सच में सच जानना है तो क्षेत्र में सर्वे कराओ। वकील साहब भी कभी दावेदार थे और आगे दावेदार हो सकते हैं। उन्हें भी पता होगा कि वार्ड की चाबी तो एक्स वालों के हाथ में सौंप दी गई है। जिनका जनता ने कल्याण किया था। उनका तो कल्याण हुआ नहीं है और क्या पता सर्वे में सच सामने आ जाये। वैसे भी वकील साहब की एक अच्छी आदत ये है कि वो खुद को विवादों से दूर रखते हैं और उनके पास संगठन वाला ऐसा काम भी है कि उन्हें तो सबको साथ लेकर चलना है। लेकिन अगर बात राय वाली आ गई है तो जितने बेहतरीन अंदाज में उन्होंने अपनी राय दी है, उसमें उन्होंने एक तरह से सबकुछ कह भी दिया है और किसी को नाराज भी नहीं किया है।

## लिख कर रख लो नहीं आ रहा है उनका नाम महानगर वाली किसी भी लिस्ट में

नए कप्तान की टीम में कौन आयेगा और कौन नहीं आयेगा, इसे लेकर कई चेहरे तैयारी में है। कई खुलकर साथ चल रहे हैं तो कई गुपचुप तरीके से अपनी सेटिंग बिठा रहे हैं। राजनीति में सभी की अपनी हसरतें होती हैं और इन हसरतों को पूरा करने के लिए अपने अपने स्तर पर कसरतें भी होती हैं। अभी लिस्ट आई नहीं है लेकिन ट्विस्ट आने शुरू हो गये हैं। दरअसल ये माना जा रहा है कि जिनके नाम आयाम में हैं वो समझ लें कि महानगर वाली टीम में वही आ रहे हैं। अब जब मंडल प्रवासी वाली लिस्ट जारी हुई तो इसमें कई नाम हैं जो नहीं है। और सुना है कि इसी के बाद से इंटरनल घमासान मच गया है। बताने वाले भी बता रहे हैं कि लिखकर रख लो उनका नाम, नहीं ही आयेगा।

# बैटरी चोर गिरोह से सिहानी गेट पुलिस की मुठभेड़

## जवाबी फायरिंग में बदमाश के पैर में गोली लगी, शराब के लिए बने लुटेरे




**गाजियाबाद करंट क्राइम।** सिहानीगेट थाना पुलिस ने देर रात एनकाउंटर में दो बदमाशों को अरेस्ट किया है। इनमें एक के पैर में दौड़ाकर गोली मारी है, यह दोनों शातिर चोर और लुटेरे हैं। जो वाहनों की बैट्री चोरी करने के अलावा पर्स लूट की घटनाओं को भी अंजाम देते हैं।

सहायक पुलिस आयुक्त नंदग्राम पूनम मिश्रा ने बताया कि दोनों के खिलाफ 18 मुकदमें दर्ज हैं। पैर में गोली लगने से घायल बदमाश को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### पुलिस ने 23 बैट्री बरामद की

गाजियाबाद में पटेल नगर व लोहिया नगर में वाहनो से चोरी हुयी बैटरी को चुराने बाले बदमाश डीपीएस कट की तरफ से आने वाले हैं। पुलिस द्वारा बैरिगेट लगाकर चेकिंग की जा रही थी, तभी सामने से स्कूटी पर आ रहे दो युवकों को रुकने के लिए कहा गया तो वह तेजी से स्कूटी चलाकर भागने लगे। जिन्हे रोकने का प्रयास किया गया तो वे पुलिस की चेकिंग से बचते हुए हमदर्द ग्राउंड की तरफ भागे। जहां स्कूटी फिसल गई और पुलिस पर फायरिंग की गई। पुलिस ने गोली चलाई तो एक बदमाश आसू के पैर में गोली लग गई। जिसे घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती किया गया। दूसरे बदमाश प्रमोद की निशानदेही पर अन्य 23 बैटरी बरामद की गई।

### शराब के लिए बने चोर व लुटेरे

पूछताछ में दोनों ने बताया कि 3 महीने पहले 2 पर्स लूट की घटना को अंजाम दिया था। इसके अलावा रात में गाजियाबाद और एनसीआर में वाहनों की बैटरी चोरी करते हैं। उसके बाद बैटरियों को सस्ते दामों पर बेचकर जो पैसे आते हैं उनकी शराब पी जाते हैं। गाजियाबाद, ठउफमें रात्रि व दिन के समय खड़े वाहनों से चोरी करते है। अरेस्ट आशु उर्फ आश मोहम्मद पुत्र दीन मोहम्मद निवासी मोहल्ला मेवातिययान पीपल वाली मस्जिद के पास दादरी थाना गौतमबुद्धनगर है। दूसरा आरोपी प्रमोद पुत्र डालचन्द्र निवासी गली 17 ब्रिज बिहार थाना मुरादनगर गाजियाबाद है। पुलिस ने मौके से एक स्कूटी, 23 बैटरी, एक तमंचा बरामद किया है।

# आंधी का कहर, ग्रामीण इलाकों में 16 घंटे बिजली गुल; लोगों को हुई भारी परेशानी



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** मंगलवार दोपहर को अचानक आई तेज आंधी ने ग्रामीण और शहरी इलाकों में जमकर कहर बरपाया। आंधी की गति इतनी तेज थी कि कई स्थानों पर बड़े-बड़े पेड़ उखड़ गए और हाई टेंशन बिजली लाइनों पर गिर पड़े। जिससे कई क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बुरी तरह से प्रभावित हुई। ग्रामीण इलाकों में स्थिति अधिक गंभीर रही। जहां कुछ स्थानों पर 16 घंटे से अधिक समय तक बिजली की आपूर्ति ठप रही।

ग्रामीण इलाकों के साथ-साथ गोविन्दपुरम, रेल विहार, लोनी, मोदीनगर और मुरादनगर जैसे शहरी क्षेत्रों में भी लोग घंटों बिजली कटौती से परेशान रहे। बिजली न होने के कारण पानी की मोटर और पंप सेट भी काम नहीं कर सके। जिससे लोगों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ा। स्थानीय निवासियों ने बिजली आपूर्ति बाधित होने की शिकायतें संबंधित बिजली घरों में दर्ज कराई। इस पर विद्युत विभाग के अधिकारियों ने बताया कि तेज आंधी के चलते कई स्थानों पर पेड़ बिजली की मुख्य लाइनों पर गिर गए हैं। जिसके कारण आपूर्ति बाधित हुई है। विभागीय टीमें मौके पर पहुंचकर पेड़ों को हटाने और क्षतिग्रस्त लाइनों को दुरुस्त करने में जुटी हैं। दो से चार घंटों में बिजली आपूर्ति सुचारू कर दी जाएगी। अधिकारियों ने लोगों से संयम बनाए रखने की अपील करते हुए भरोसा दिलाया कि शीघ्र ही बिजली आपूर्ति को सामान्य कर दिया जाएगा।

हालांकि प्रभावित इलाकों के लोगों का कहना है कि ऐसी स्थितियों में विभाग की तैयारियां नाकाफी साबित होती हैं और हर बार आंधी या बारिश के बाद इसी तरह की समस्या सामने आती है। लेकिन विभाग कोई स्थायी समाधान नहीं करता। लोगों का कहना है कि गर्मी के मौसम में पहले ही बिजली की मांग बढ़ जाती है।

## जन्मदिन पार्टी में नशीला पदार्थ देकर किया दुष्कर्म




**गाजियाबाद करंट क्राइम।** मोदीनगर में एक महिला के साथ हुई दुष्कर्म की घटना सामने आई है। पीड़िता ने मोदीनगर थाने में शिकायत दी है। पीड़िता ने बताया कि सात महीने पहले उसके पड़ोसी ने उससे मोबाइल नंबर मांगा। इसके बाद दोनों के बीच फोन पर बातचीत शुरू हो गई। आरोपी ने महिला को अपनी जन्मदिन पार्टी में बुलाया। वहां उसने कोल्डड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया। इसके बाद आरोपी ने दुष्कर्म किया और अश्लील वीडियो व फोटो खींच लिए। आरोपी तब से वीडियो और फोटो वायरल करने की धमकी देकर पीड़िता को ब्लैकमेल कर रहा है। उसने पीड़िता से 40 हजार रुपए की नकदी और जेवरात भी ले लिए। पीड़िता का कहना है कि आरोपी अब भी धमकियां दे रहा है।




## किस थाने में चल रही है कोल्डवॉर

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में बीते दिनों बदलाव वाली एक्सप्रेस चली थी। इसे अभी तक कमिश्नरेट सिस्टम की सबसे छोटी लिस्ट बताया जा रहा है। तो सूत्र बता रहे हैं कि इस तबादला लिस्ट आने के बाद पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम के सिटी जोन में एक थाने में ट्विस्ट आया हुआ है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार यहां के प्रभारी और एक टू-स्टार के साथ इन दिनों कोल्डवॉर में हैं। सुनने में आया है कि प्रभारी थाने से ज्यादा टू-स्टार से मामला व तालमेल सेट करने में लगा हुआ है। पर टू-स्टार है कि प्रभारी के साथ मामला बन नहीं रहा है। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि खेत के इलाके वाले थाने में इन दिनों अलग सीन चल रहा है। प्रभारी ने भले कार्यालय में सलामी दे दी हो लेकिन अभी मामला पूरी ताह सेट नहीं हो पा रहा है। उनके यहां के जो खुलासे और सफलता मिल रही हैं उसमें उनसे ज्यादा एसीपी की मेहनत और मार्गदर्शन बताया जा रहा है। वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अगर कुछ दिनों में प्रभारी ने अपनी हालत न सुधारी तो हालत बिगड़ और बदल सकते हैं। उनके इलाके में रात वाले खास इलाके में उनकी मौजूदगी बेहद कम है। वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि वह जिस थ्री-स्टार के लिए पूर्व में एक थाने में अपनी सेवाएं दे चुके हैं पर अब सिस्टम और सिस्टम वाले बदल चुके हैं। कुल मिलाकर जिस तरीके से एक थाने में दो टू-स्टार के बीच कोल्डवॉर वाला जो सीन चल रहा है उसकी स्टाफ के बीच में तो चर्चा है ही, साथ ही अन्य अधिकारियों तक भी इस बात की गूंज है। कुल मिलाकर अभी सिटी वाले साहब नए हैं, उनको अभी फील्ड पर भी कम देखा जा रहा है, इसलिए वह खेत वाले इलाके तक शायद दस्तक ना दे पा रहे हों। पर जिस तरीके का मामला चल रहा है और हालात बन रहे हैं, उसके लिए अगर प्रभारी ने थाने वाली वार को बंद नहीं किया, तो उनको या उनके टू-स्टार को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। कुल मिलाकर देखना होगा की पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में आलाधिकारी किसका साथ देते हैं और किस पर करवाई होती है, यह रोचक और रोमांचक रहेगा। कुल मिलाकर सूत्रों पर भरोसा करें तो अभी प्रभारी को अपने वर्किंग स्टाइल में बहुत बदलाव की आवश्यकता है, जैसा अभी तक पता चला है।




# करंट लगने से मासूम की मौत

## कूलर में उतरे करंट से गई जान, परिवार में मचा कोहराम





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** मोदीनगर के गांव कादराबाद में एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। सुबह करीब 7 बजे कूलर में उतरे करंट की चपेट में आने से 2 साल के बच्चे की मौत हो गई।

श्याम मोहन के 2 वर्षीय पुत्र प्रिंस घर के आंगन में खेल रहा था। खेलते-खेलते वह कूलर के पास पहुंच गया। जैसे ही उसने कूलर को छुआ, करंट लगने से वह झुलस गया। परिजनों ने तुरंत कूलर का स्विच बंद किया और बच्चे को स्थानीय अस्पताल ले गए। डॉक्टरों ने प्रिंस को मृत घोषित कर दिया। परिवार ने बताया कि रात को कूलर चलाया गया था। उन्हें नहीं पता था कि कूलर में करंट उतर रहा है। इस घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया है। आसपास के लोग परिवार को सांत्वना देने पहुंच रहे हैं।

# उमराह के नाम पर 6.58 लाख की धोखाधड़ी

## फर्जी ट्रैवल एजेंट ने 8 लोगों को झांसा दिया, वीजा-टिकट नहीं मिले




**हापुड़ करंट क्राइम।** हापुड़ के मोहल्ला मजीदपुरा में रहने वाले मोहम्मद नजमुद्दीन समेत आठ लोगों के साथ साइबर ठगों ने धोखाधड़ी की है। आरोपियों ने उमराह यात्रा कराने के नाम पर 6.58 लाख रुपये ठग लिए। दरअसल, चार महीने पहले पीड़ित को व्हाट्सएप पर लवली नाम की महिला और मोहम्मद अरशद से संपर्क हुआ। लवली ने खुद को हैदराबाद की और अरशद ने दिल्ली की ट्रैवल एजेंसी का संचालक बताया। दोनों ने फरवरी-मार्च 2025 में उमराह यात्रा का प्रस्ताव दिया। प्रति व्यक्ति 85 हजार रुपये का पैकेज बताया।

आरोपियों ने 27 फरवरी और 15 मार्च को दिल्ली से जेद्दा जाने के टिकट भेजे। साथ ही 5 अप्रैल को वापसी का टिकट भी दिया। पीड़ित ने विभिन्न बैंक खातों में कुल राशि जमा करवा दी। रुपये मिलने के बाद आरोपियों ने न तो वीजा दिया और न ही भेजे गए टिकट वैध निकले। इसके बाद उन्होंने संपर्क करना बंद कर दिया।

एसपी के निर्देश पर कोतवाली पुलिस ने लवली, मोहम्मद अरशद और अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। थाना प्रभारी नजीर खान के अनुसार मामले की जांच चल रही है। पुलिस जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार करेगी। पुलिस ने लोगों को अनजान ट्रैवल एजेंसियों से सावधान रहने की सलाह दी है।

## खालिस्तानी आतंकी ने मांगी 25 करोड़ रुपए की रंगदारी

# नोएडा के एक चैनल में है चेयरमैन, 23 सेकेंड का ऑडियो हुआ था वायरल



**नोएडा करंट क्राइम।** खालिस्तानी आतंकी ने एक निजी चैनल के चेयरमैन और व्यापारी से 25 करोड़ रुपए की रंगदारी मांगी है। रंगदारी न देने पर ट्रेलर दिखाने की धमकी भी आरोपी ने दी है। घटना के संबंध में ऑडियो भी सामने आया है। अब नोएडा की सेक्टर-24 पुलिस जांच कर रही है।

### रंगदारी मांगने वाले ने बताया खालिस्तानी

सोशल मीडिया के विविध प्लेटफॉर्म पर तीन मिनट 23 सेकेंड का एक ऑडियो वायरल हुआ, जिसमें एक कारोबारी व न्यूज चैनल के चेयरमैन से 25 करोड़ रुपए की रंगदारी मांगी जा रही है। इसमें दूसरी तरफ से बातचीत करने वाला व्यक्ति खुद को आतंकी कुलवीर सिंह सिद्धू बताया रहा है। जिस पर एनआईए ने दस लाख रुपए का इनाम रखा हुआ है।

### ग्रेनेड फिकवाने की धमकी

ऑडियो में वह कह रहा है कि अगर उसे समय से पैसा नहीं मिला तो चेयरमैन के घर पर ग्रेनेड फेंकवा देगा, जिसमें किसी की जान भी जा सकती है। आरोपी यह भी कह रहा है कि उसके बारे में अगर जानकारी जुटानी है तो पुलिस और एनआईए से संपर्क करें। आरोपी द्वारा पीड़ित के मोबाइल पर न्यूज कटिंग और वीडियो भी भेजे गए हैं। ग्रेनेड फेंकने को लेकर वह कह रहा है कि उसने पहले भी ऐसा किया हुआ है और इस बार भी कर देगा।

## नोएडा प्राधिकरण ने कब्जा मुक्त कराई 30 करोड़ की जमीन

# 10 हजार वर्गमीटर जमीन पर हो रही थी अवैध प्लाटिंग, निर्माण पर चलाया जेसीबी



**नोएडा करंट क्राइम।** नोएडा में अवैध निर्माण ध्वस्त करने को लेकर अभियान जारी है। बुधवार को प्राधिकरण ने सेक्टर-81 में सैमसंग कंपनी के पीछे 10 हजार वर्गमीटर जमीन को कब्जा मुक्त कराया। इस जमीन की कीमत करीब 30 करोड़ रुपए आंकी जा रही है। मास्टर प्लान 2031 के अनुसार इस जमीन का प्रयोग औद्योगिक है। यहां इंडस्ट्री लग सकती है। जिन लोगों ने यहां अवैध निर्माण किया था उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की जा रही है।

प्राधिकरण ने बताया कि सलारपुर गांव में खसरा नंबर 244 और 245 पर अवैध रूप से प्लाटिंग की जा रही थी। यहां कालोनी का निर्माण किया जा रहा था। प्राधिकरण को जानकारी मिली। नोटिस जारी किया गया। नहीं मानने पर प्राधिकरण की टीम ने जेसीबी की मदद से अवैध निर्माण को ध्वस्त किया और जमीन को कब्जा मुक्त कराया। यहां प्राधिकरण ने अपना बोर्ड लगा दिया है।

### दो दिन पहले की थी बैठक

बता दे ये जमीन प्राधिकरण की अधिसूचित जमीन है। दो दिन पहले ही नोएडा प्राधिकरण ने बैठक कर स्पष्ट किया था कि अधिसूचित जमीन पर अवैध निर्माण नहीं होना चाहिए। इसे ध्वस्त किया जाए। प्राधिकरण ने एडवाइजरी जारी कि इस क्षेत्र में भूखंड खरीदने और बेचने के लिए भूमाफियाओं के चंगुल में न आए।

### अब तक 1068 करोड़ की जमीन करा चुके मुक्त

बता दे प्राधिकरण ने जनवरी 2024 से अब तक करीब 1.93 लाख वर्गमीटर जमीन को अतिक्रमण मुक्त किया गया। इस जमीन की लागत 1068 करोड़ रुपए आंकी गई है। इसके अलावा अभियान निरंतर जारी है। ये जमीन मास्टर प्लान 2031 के अनुसार नियोजित की गई है। यहां प्लानिंग और परियोजनाएं बनाई जानी है। इसके अलावा जमीन अतिक्रमण और अवैध निर्माण को लेकर अब तक 24 मामलों में एफआईआर दर्ज की गई है। जबकि 118 मामलों में डीसीपी स्तर पर जांच की जा रही है। इन मामलो में भी जल्द एफआईआर की जाएगी।

# सोसाइटी फ्लैटों की बालकनी दीवार पर नहीं रखे गमले

## नोएडा प्राधिकरण का आदेश, पूना में हुई घटना के बाद लिया निर्णय




**नोएडा करंट क्राइम।** नोएडा प्राधिकरण ने सोसाइटी के बालकनी की दीवार ये स्टैंड पर रखे गमलों को तत्काल प्रभाव से हटाने का आदेश दिया है। ताकि संभावित दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

अगर गमला गिरने से कोई अप्रिय घटना होती है तो सोसाइटी के एओए के अध्यक्ष, सचिव जहां एओए नहीं है वहां के बिल्डर एवं फ्लैट मालिक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। साथ ही प्राधिकरण की ओर से भी सख्त एक्शन लिया जाएगा।

### 100 से अधिक नोएडा सोसाइटी

दरअसल ये आदेश प्राधिकरण ने हाल ही में पूणा की एक सोसाइटी में हुई घटना के बाद लिया। जिसमें सोसाइटी के फ्लैट से गमला गिरने से एक बच्चे की मौत हो गई थी। बता दे नोएडा में 100 से ज्यादा सोसाइटी है। जिसमे टावरों के बीच जाल नहीं लगे है। लोग बालकनी में पेरा पेट वॉल पर अक्सर गमले रख देते है। ये गमले तेज हवा या किसी अन्य कारण से नीचे गिर जाते है। अक्सर ऐसी घटना यहां हो चुकी है। लेकिन इन घटनाओं में अब तक कोई घायल या कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ।

### एओए सोसाइटी के लोगों के दे जानकारी



ऐसे में प्राधिकरण ने अब ये फैसला लिया है कि यहां किसी भी सोसाइटी के फ्लैट की बालकनी के पेरा पेट वॉल पर गमले नहीं रखे जाएंगे। अगर ऐसा होता है तो एक्शन लिया जाएगा। बतौर गमले हटवाने की जिम्मेदारी भी एओए की होगी। वो सोसाइटी में नोटिस बोर्ड या वॉट्सऐप ग्रुप पर सोसाइटी में रहने वाले लोगों को एसएमएस करे। लोगों को इस कार्य के लिए जागरूक करे ताकि इस तरह की घटना नोएडा में नहीं हो सके।

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को लेकर यूपी में निकाली तिरंगा यात्रा

## सीएम योगी ने तिरंगा लेकर किया यात्रा का नेतृत्व... पाकिस्तान को सुनाई खरी-खरी, बोले- दुनिया ने माना भारत का लोहा

### तिरंगा भारत के आन, मान-शान तथा शौर्य-पराक्रम का प्रतीक

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद सेना के शौर्य को सलामी देने के लिए बुधवार को अपने सरकारी आवास से भारत शौर्य तिरंगा यात्रा को रवाना किया। सीएम योगी ने हाथ में तिरंगा लेकर यात्रा का नेतृत्व किया।

उन्होंने प्रदेशवासियों की तरफ से ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, जवानों, पूर्व सैनिकों और नौजवानों का अभिनंदन किया। सीएम ने कहा कि पूरा देश भारतीय सेना के शौर्य व पराक्रम को सैल्यूट करते हुए बहादुर जवानों का अभिनंदन करने के लिए उतावला दिखाई दे रहा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राष्ट्रीय संकट के समय धैर्य और एकता ही हमारी सबसे बड़ी पूंजी होती है। इस माहौल में जवानों के कारण भारत ने पाकिस्तान के हौसले





**सीएम योगी बोले, देश की सेना के पराक्रम को सैल्यूट करते हुए जवानों का अभिनंदन करने के लिए उतावला दिखाई दे रहा है**

पस्त किए। दुनिया ने पाकिस्तान व उसके आकाओं के बेशर्मी भरे उस चेहरे को भी देखा, जिसमें आतंकियों के जनाजे में वहां के नेता व सैन्य अधिकारी भी शामिल हुए। यह चीजें दिखाती हैं कि पाकिस्तान विफल राष्ट्र है और 70-75 वर्षों में उसने केवल आतंकवाद के बीज बोए हैं। पाकिस्तान ने अपनी विफलता की कहानी ही दुनिया को बताई है।

आतंकवाद को दिए जा रहे प्रश्रय इस बात को साबित करते हैं कि आतंकवाद एक दिन पाकिस्तान को भी निगल देगा। खोखला हो चुका पाकिस्तान आज जिस प्रकार का दुस्साहस कर रहा है, ऑपरेशन सिंदूर उसका जवाब था। आने वाले समय में यह तय है कि भारत की तरफ जो भी अंगुली उठाएगा और बहन-बेटियों के सम्मान के विरुद्ध सुरक्षा में सेंध लगाने का कार्य करेगा, उसके जनाजे में कोई रोने वाला भी नहीं मिलेगा।

सीएम योगी ने कहा कि पाकिस्तान परस्त आतंकियों ने 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में वीभत्स व बर्बर घटना को अंजाम दिया था, जिसकी निंदा देश-दुनिया ने की थी लेकिन आतंकवाद का पोषक पाकिस्तान व उसके आका मौन रहे। भारत के आन-मान-शान की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध हमारी सरकार ने सारे प्रमाण दिए, उसके बाद भी पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आया तो अंततः 'ऑपरेशन सिंदूर' चलाया गया।

पहले ही दिन 100 से अधिक आतंकियों व प्रत्यक्ष रूप से आतंकवाद के विषबेल को पालने-पोसने में योगदान देने वाले उनके परिवार से जुड़े लोगों को वीभत्स कृत्य की सजा दी गई। सभी ने भारतीय सेना के पराक्रम व शौर्य का लोहा माना। पाकिस्तान की हिमाकत का थल, वायु व नौसेना के बहादुर जवानों ने मजबूती से जवाब दिया और दुनिया को भी संदेश दिया कि हम छेड़ेंगे नहीं, लेकिन छेड़ने वालों को छोड़ेंगे नहीं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जवानों के सम्मान में भाजपा द्वारा तिरंगा यात्रा प्रारंभ की गई है। यह तिरंगा भारत के आन, मान-शान तथा शौर्य-पराक्रम का प्रतीक है। तिरंगा के प्रति सम्मान का भाव व्यक्त करने, सैनिकों को सर्वोच्च सम्मान देने व पीएम मोदी के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए यूपी में आज से तिरंगा यात्रा का शुभारंभ हो रहा है। भीषण गर्मी के बावजूद इतनी सुबह आपकी उपस्थिति भारतीय सेना के प्रति सम्मान की अभिव्यक्ति का सुंदर उदाहरण है। यही धैर्य व समर्पण का भाव भारतीय नागरिकों ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत सैनिकों व देश की सरकार के प्रति व्यक्त किया।



# पाक ने बीएसएफ जवान को लौटाया... 20 दिन बाद अटारी बॉर्डर से स्वदेश लौटे पूर्णम कुमार शॉ

**पूर्णम कुमार, गलती से इंटरनेशनल बॉर्डर क्रॉस करके पाकिस्तान पहुंच गए थे, जिसके बाद पाकिस्तान रेंजर्स ने उन्हें हिरासत में ले लिया। वे पंजाब के फिरोजपुर सेक्टर में तैनात थे।**

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान ने भारत के बीएसएफ जवान पूर्णम कुमार शॉ को वापस लौटा दिया है। पाकिस्तानी रेंजर्स ने अटारी वाघा सीमा के रास्ते बीएसएफ कॉन्स्टेबल को वापस भेजा है। वे पिछले करीब बीस दिनों से पाकिस्तान के कब्जे में थे। कॉन्स्टेबल पूर्णम कुमार सुबह 10:30 बजे वतन वापस लौटे हैं। उनसे पूछताछ की जा रही है।



पूर्णम कुमार, गलती से इंटरनेशनल बॉर्डर क्रॉस करके पाकिस्तान पहुंच गए थे, जिसके बाद पाकिस्तान रेंजर्स ने उन्हें हिरासत में ले लिया। वे पंजाब के फिरोजपुर सेक्टर में तैनात थे। भारत ने 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर के तहत आतंकी ठिकानों पर सटीक हमले किए। पाकिस्तान ने भी जवाबी हमले किए, जिससे तनाव बढ़ गया। ऐसे में पूर्णम के परिवार की चिंता और भी बढ़ गई।

**पत्नी ने जताई थी उम्मीद :** पूर्णम कुमार की पत्नी राजनी ने उम्मीद जताई थी कि डीजीएमओ की बातचीत में पूर्णम कुमार के मुद्दे को उठाया जाएगा। उन्होंने कहा था, 'जब भारतीय सेना ने 3 मई को एक पाकिस्तानी रेंजर को राजस्थान में हिरासत में लिया, तब लगा था कि शायद मेरे पति को भी छोड़ा जाएगा। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। अब डीजीएमओ वार्ता से नई उम्मीद जगी है।'

राजनी ने यह भी कहा था कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को उन्हें फोन किया और हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री ने उनके ससुरालवालों की चिकित्सा सहायता की भी बात कही।

**पहलगाम आतंकी हमला और ऑपरेशन सिंदूर :** 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम में पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों ने पर्यटकों और नागरिकों पर हमला किया, जिसे 26/11 मुंबई हमलों के बाद भारत में सबसे घातक आतंकी हमलों में से एक माना गया। इस हमले ने भारत की शून्य सहिष्णुता की नीति को और मजबूत किया।

जवाब में, भारत ने 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया, जिसमें भारतीय वायु सेना, थल सेना और नौसेना ने समन्वित रूप से पाकिस्तान और पीओके में आतंकी शिविरों को नष्ट किया। इस ऑपरेशन ने न केवल आतंकी बुनियादी ढांचे को ध्वस्त किया, बल्कि पाकिस्तान को यह स्पष्ट संदेश दिया कि भारत किसी भी आतंकी गतिविधि को बर्दाश्त नहीं करेगा।

# माता वैष्णो देवी के श्रद्धालुओं को बड़ी राहत

## 7 दिनों बाद फिर से शुरू हुई मंदिर में हेलीकॉप्टर सेवा

**कटड़ा।** भारत तथा पाकिस्तान के बीच युद्ध विराम के बाद तनाव में कमी को लेकर श्रद्धालुओं ने विश्व प्रसिद्ध तीर्थ स्थल मां वैष्णो देवी भवन की ओर रुख करना शुरू कर दिया है हालांकि अभी भी संख्या बहुत कम है।

धीरे-धीरे कर मां वैष्णो देवी की यात्रा में आंशिक बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। जिसकी मुख्य वजह श्राइन बोर्ड द्वारा आधार शिविर कटड़ा से लेकर मां वैष्णो देवी भवन तक कई तरह की निशुल्क सुविधाएं श्रद्धालुओं को उपलब्ध करवाया जा रही है ताकि अधिक से अधिक श्रद्धालु इन सुविधाओं का लाभ लेते हुए मां वैष्णो देवी की यात्रा कर सके।

हालांकि मां वैष्णो देवी के भवन पर सुबह और शाम के समय दिव्य आरती के समय श्रद्धालुओं की थोड़ी बहुत रौनक देखने को मिल रही हैं पर दिन में अधिकांश समय मां वैष्णो देवी भवन हो या मार्ग या फिर आधार शिवीर कटड़ा लगभग विरम सा नजर आ रहा है। मां



**मां वैष्णो देवी के भवन पर दिव्य आरती के समय श्रद्धालुओं की थोड़ी बहुत रौनक देखने को मिल रही है।**

वैष्णो की यात्रा में लगातार जारी भारी कमी के कारण भवन मार्ग पर अधिकांश निजी दुकान बंद पड़ी हुई है और यही हालत आधार शिविर कटड़ा में भी बने हुए हैं जहां पर अधिकांश दुकानें फिलहाल बंद है।

**निशुल्क सुविधाएं उपलब्ध :** सभी मां वैष्णो देवी यात्रा में श्रद्धालुओं की बढ़ोतरी होने को लेकर इंतजार कर रहे हैं। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड द्वारा श्रद्धालुओं को लगातार निशुल्क सुविधाए उपलब्ध करवाई जा रही हैं। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के साथ ही प्रशासन, पर्यटन विभाग, कटड़ा होटल व रेस्तरा संघ तथा व्यापारिक वर्ग द्वारा जिस तरह से सक्रियता के साथ कार्य किया जा रहा है। उम्मीद है कि आने वाले दिनों में एक बार फिर मां वैष्णो देवी की यात्रा पटरी पर आ जाएगी और एक बार फिर मां वैष्णो देवी भवन हो या मार्ग या फिर आधार शिविर कटड़ा श्रद्धालुओं से गुलजार होगा। जिसका फिलहाल व्यापारी वर्ग बेसब्री से इंतजार कर रहा है।

**निशुल्क रहने की व्यवस्था :** वर्तमान में मां वैष्णो देवी की यात्रा कर रहे श्रद्धालुओं को कई तरह के निशुल्क सुविधाए श्राइन बोर्ड द्वारा उपलब्ध करवाई जा रही हैं। इसमें आधार शिविर कटड़ा के साथ ही मां वैष्णो देवी भवन तथा अर्धकुवारी मंदिर क्षेत्र में निशुल्क रहने की व्यवस्था, मां वैष्णो देवी भवन के साथ ही अर्धकुवारी मंदिर प्रांगण में रोजाना आयोजित होने वाली दिव्य आरती में निशुल्क भाग लेने का अवसर है जिसको लेकर श्रद्धालु अत्यंत प्रसन्न नजर आ रहे हैं। मां वैष्णो देवी की यात्रा के दौरान एक ओर जहां श्रद्धालु श्राइन बोर्ड द्वारा भवन मार्ग पर जगह-जगह स्थापित लंगरों में लगातार भोजन ग्रहण कर रहे हैं।

### तिरंगा यात्रा से सीएम धामी ने भरी हुंकार, बोले-

# भारत के दुश्मनों को अब मिलेगा मुंहतोड़ जवाब




**भारत ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया है कि वह आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करने में पूरी तरह सक्षम है : सीएम**

**देहरादून।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में बुधवार को शौर्य स्थल चीड़बाग से गांधी पार्क तक भव्य 'तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा' का आयोजन किया गया। यह यात्रा हाल ही में भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा सफलतापूर्वक चलाए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' की ऐतिहासिक विजय को समर्पित रही। हजारों की संख्या में आमजन, पूर्व सैनिक, युवा वर्ग एवं मातृशक्ति ने तिरंगे के साथ पद यात्रा में भाग लिया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर शौर्य स्थल पर पुष्प चक्र अर्पित कर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि भी दी।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर ऑपरेशन सिंदूर में भाग लेने वाले वीर सैनिकों, वायुसेना, नौसेना और सभी सुरक्षा बलों को नमन करते हुए कहा कि भारत ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया है कि वह आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करने में पूरी तरह सक्षम है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से भारत ने न केवल अपने वीर सपूतों की बहादुरी का प्रदर्शन किया बल्कि आतंकवाद और उसके समर्थकों को यह स्पष्ट संदेश भी दिया कि नया भारत अब हर आतंकी कार्रवाई का जवाब उसी की भाषा में देगा। उन्होंने प्रधानमंत्री श्नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि आज भारत किसी भी आतंकी चुनौती का मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम है और अब देश की सीमाओं की रक्षा अत्याधुनिक स्वदेशी तकनीक से की जा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड वीर भूमि है। जहां का लगभग हर परिवार देशसेवा से जुड़ा है। उन्होंने प्रदेश के युवाओं से आह्वान किया कि वे सेना और सुरक्षा बलों के अनुशासन, शौर्य और राष्ट्रसेवा की प्रेरणा लेकर आगे बढ़ें।

मुख्यमंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक विजय के उपलक्ष्य में ह्यतिरंगा शौर्य सम्मान यात्राह्न को प्रत्येक वर्ष मनाए जाने का आह्वान किया।

### सीजफायर पर आम आदमी पार्टी ने सरकार को घेरा

# 'पीओके का छोड़ा मौका, मोदी का देश को धोखा'

**आम आदमी पार्टी ने सीजफायर की घोषणा पर सवाल उठाए हैं। आज दिल्ली में आप कार्यकर्ताओ ने बैनर लेकर भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।**

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच चार दिनों तक चले सैन्य टकराव के बाद दोनों देशों के बीच सीजफायर पर सहमति बनी। सीजफायर की घोषणा के बाद मोदी सरकार विपक्ष के निशाने पर है। विपक्ष लगातार सीजफायर को लेकर भाजपा सरकार को घेरने में लगा है। आम आदमी पार्टी ने इसे लेकर कड़े सवाल खड़े किए हैं। दिल्ली में आप कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार के




**सीजफायर की घोषणा अमेरिका से होना भारत की संप्रभुता पर प्रहार : आप**

खिलाफ प्रदर्शन किया। दिल्ली में आप कार्यकर्ताओं ने ओखला में मोदी फ्लोर मिल्स के पास फुटओवर ब्रिज पर प्रदर्शन किया। बैनर लेकर आप कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की। बैनर पर लिखा है, पीओके का छोड़ा मौका, मोदी का देश का धोखा। रविवार को राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर की घोषणा की। यह भारत की संप्रभुता पर कड़ा प्रहार है, जबकि भारतीय सेना के पास पीओके को कब्जाने और बलूचिस्तान को अलग करने का बड़ा अवसर था।

# सफर से शिखर की उड़ान भरती बेटियां

## टॉपर हरसिरत कौर के आए 500 अंक

**अमृतसर।** पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड ने आज कक्षा 12वीं के नतीजों का एलान कर दिया है। बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर कक्षा 12वीं के नतीजों की घोषणा बुधवार, 14 मई दोपहर 3 बजे की गई। पंजाब में कक्षा 12वीं की परीक्षाएं 19 फरवरी से 4 अप्रैल 2025 तक आयोजित की गई थीं।

### 12वीं परीक्षा में टॉप-3 में तीनों छात्राएं

टॉप-3 की पहली पोजिशन में बरनाला की हरसीरत कौर है। हरसीरत ने 500 में से 500 अंक हासिल कर पूरे पंजाब में पहला स्थान पाया है। दूसरे स्थान पर फिरोजपुर की मनवीर कौर रही हैं। मनवीर ने 500 में से 498 नंबर लिए हैं। वहीं तीसरे स्थान पर मानसा की अर्श है। अर्श ने भी 500 में से 498 अंक प्राप्त किए हैं।




**हरसिरत कौर ने पूरे प्रदेश में किया टॉप :** बरनाला की हरसिरत कौर ने 500 में से 500 अंक लेकर पूरे प्रदेश में टॉपर बनी हैं। इस बार भी लड़कियों ने परिणाम में बाजी मारी है। लड़कियों का पास प्रतिशत 94.32 फीसदी रहा। जबकि लड़कों का पास प्रतिशत 88.07% रहा, जो लड़कियों से लगभग 6 फीसदी कम है।

**तीन लाख से अधिक छात्रों ने दी थी परीक्षा :** बोर्ड के चेयरमैन डॉ. अमर पाल सिंह ने बताया कि 12वीं कक्षा में इस बार करीब तीन लाख से अधिक विद्यार्थी पूरे पंजाब में अपीयर हुए थे। रिजल्ट घोषित होने के बाद अपना रिजल्ट देखने के लिए विद्यार्थियों को दिए गए स्थान पर अपना रोल नंबर समेत अन्य विवरण दर्ज करना होगा।

# कर्नल सोफिया कुरैशी पर दिए बयान पर हाईकोर्ट ने लिया संज्ञान

## मंत्री विजय शाह पर एफआईआर दर्ज करने के निर्देश

**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश सरकार में मंत्री विजय शाह की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। कर्नल सोफिया कुरैशी पर दिए विवादित बयान पर अब मप्र हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेकर एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। हालांकि मंत्री पहले ही मामले को लेकर माफी मांग चुके हैं।

### क्या था बयान

दरअसल, मोहन सरकार के मंत्री विजय शाह ने मानपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर विवादित बयान दे डाला था। इसका कांग्रेस ने विरोध किया है और



मंत्री को पद से हटाने की मांग कर डाली। मानपुर में आयोजित हलमा कार्यक्रम में मंत्री शाह ने पहलगाम हमले का जिक्र करते हुए कहा, जिन आंतकियों ने पहलगाम में लोगों को मारा, उनके कपड़े उतरवाए, उन आंतकियों ने हमारी बहनों का सिंदूर उजाड़ा। मंत्री शाह ने कहा, पीएम नरेंद्र मोदी ने उन्हीं की बहन को भेजकर उनकी ऐसी-तैसी करवाई। बयान को लेकर जब राजनीति गरमा गई तो उन्होंने कहा कि हमारी बहनों का सिंदूर उजाड़ने वाले वालों को हमने उन्हीं की भाषा में जवाब दिया है। उनके भाषण को अलग संदर्भ में नहीं देखना चाहिए। वो हमारी बहनें हैं। उन्होंने पूरी ताकत से सेना के साथ मिलकर काम किया है।

### सियासत गर्माई

विवादित बयान सामने आने के बाद कांग्रेस सहित अन्य राजनीतिक दल हमलावर हैं। मंत्री विजय शाह के इस्तीफे की मांग तक की जा रही है। पुतले जलाए जा रहे हैं। उन पर कार्रवाई की मांग तेज हो रही है। इधर भाजपा संगठन ने भी सख्त नाराजगी जताई है। पार्टी आलाकमान ने तत्काल उन्हें भोपाल स्थित प्रदेश मुख्यालय तलब किया।

संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा और बाद में प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा से मुलाकात कर शाह ने सफाई दी और खेद जताया। मीडिया से बातचीत में विजय शाह ने कहा कि उनका इरादा किसी का अपमान करने का नहीं था और यदि उनके बयान से किसी को ठेस पहुंची हो तो वे कई बार माफी मांगने को तैयार हैं। उन्होंने यह भी कहा कि उनका परिवार सैन्य परंपरा से जुड़ा रहा है।

### 'कुरैशी मेरे लिए सगी बहन'

मंत्री कुंवर विजय शाह ने कहा कि कर्नल सोफिया कुरैशी मेरे लिए सगी बहन से बढ़कर हैं, जिन्होंने उनका बदला लिया। मेरा किसी को ठेस पहुंचाने का न तो कोई इरादा था और न ही कोई इच्छा।

अगर मेरी किसी बात से किसी को बुरा लगा हो, तो मैं दिल से माफी मांगता हूं। मंच से दिए गए अपने बयान पर उन्होंने भावनात्मक प्रतिक्रिया बताते हुए कहा कि यदि उनके शब्दों से किसी धर्म या व्यक्ति को ठेस पहुंची हो तो वह क्षमाप्रार्थी हैं।

पार्टी की ओर से दी गई फटकार और विपक्ष के हमलों के बीच मंत्री शाह के इस बयान ने राजनीतिक हलचल तेज कर दी है।

# भाजपा महानगर में मंडल गठन को लेकर बैठक सम्पन्न

## बैठक में पारदर्शिता एवं समावेशिता पर दिया गया जोर





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारतीय जनता पार्टी गाजियाबाद महानगर द्वारा संगठन पर्व 2024-25 के अंतर्गत मण्डल समिति एवं शक्तिकेन्द्र संयोजक गठन की प्रक्रिया को सफलतापूर्वक धरातल पर उतारने हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक भाजपा कार्यालय नेहरू नगर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने की एवं मुख्य वक्ता के रूप में जिला प्रवासी गजेन्द्र मावी उपस्थित रहे।

बैठक में मण्डल प्रभारी, नवनियुक्त मण्डल प्रवासी, मण्डल अध्यक्ष सहित सरदार एस.पी. सिंह, अभियान संयोजक सुशील गौतम, बॉबी त्यागी, बलदेव राज शर्मा, सहित सभी प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक का संचालन महानगर मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी द्वारा किया गया। बैठक के अंत में सभी मंडल प्रभारी, प्रवासी व अध्यक्षों को मण्डल और शक्ति केन्द्र के गठन हेतु आवश्यक प्रारूप, सदस्य सूची, तथा सामाजिक संरचना के आधार पर नाम प्रस्तावित करने के निर्देश दिए गए।

### मंडल कार्यसमिति में 40 प्रतिशत रखने होंगे नए चेहरे



करंट क्राइम। जिला प्रवासी गजेन्द्र मावी ने कहा, भारतीय जनता पार्टी की संगठनात्मक मजबूती तभी संभव है जब हम सामाजिक समरसता, क्षेत्रीय संतुलन एवं कार्यकर्ता आधारित प्रतिनिधित्व को प्राथमिकता दें। महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा, पार्टी के दिशा-निर्देशों का पूर्णत: पालन करते हुए यह सुनिश्चित किया जाए कि मण्डल कार्यसमिति में 40% नये चेहरे हों, सभी शक्ति केन्द्रों को प्रतिनिधित्व मिले और एक भी कार्यकर्ता न छूटे, न रूठे। यही भाजपा की संगठनात्मक शक्ति का मूल आधार है। महानगर मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया, यह बैठक पार्टी के संगठन पर्व के तहत एक ऐतिहासिक कदम है, जिसका उद्देश्य सभी सामाजिक वर्गों को साथ लेकर चलना है।




- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** विधायक जी के साथ रोज डटे नजर आते हैं लाइनपार के वीरू? उनके इस प्रेम को देखकर कई दिलजलों के दिल में लगी हुई है आग? कहने वाले कह रहे हैं, इस मोहब्बत के पीछे की बस यही वजह है कि वो समय पड़ने पर खुलवाना चाहते हैं विधायक जी के हाथों अपना भाग? सुना है उनके दिमाग में चल रहे हैं अभी से पार्षद बनने के गुणा-भाग? इसलिये उन्होंने खुद को विधायक जी के प्रति कर दिया है पूरी तरह न्यौछावर? अभी से संजो रहे हैं वो पूरी पावर?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवा योद्धा की टीम में किस ठाकुर की मजबूत रहेगी लाठी? क्योंकि इस वक्त उनके आसपास पूरी तरह से एक्टिव नजर आ रहे हैं रोबिन तोमर, भानू शिशौदिया और सरदार सिंह भाटी? कहने वाले ने कहा-इतना ही नहीं पूरे बल से राम का नाम लेकर नदिया पार के रावल ने भी डाला हुआ है भगवा योद्धा के आसपास डेरा? कहने वाले ने कहा- इनमें से एक-दो को तो कुछ मिल ही जाएगा? मगर, हालात देखकर लग रहा है, खोड़ा वाले चौहान के चमन में नहीं होने देंगे ये सवेरा?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** लाइनपार के मिस्टर नागर, जो भर देते हैं गागर में सागर? हम देख रहे हैं आजकल वो भगवा योद्धा के साथ बैक-टू-बैक हर मीटिंग में नजर आ रहे हैं? अपनी सक्रियता से मजबूत किया हुआ है उन्होंने टावर? कहने वाले ने कहा- सिर्फ अभी से नहीं भगवा कमांडर के कार्यकाल से मिस्टर नागर का भगवा योद्धा के साथ उठना-बैठना है जारी? कहने वाले ने कहा- जब बहुत से चेहरे दूरी बनाकर चल रहे थे, तब मंदी के जमाने में मिस्टर नागर कर रहे थे भगवा योद्धा को अध्यक्ष पद मिले ये वाला अरमान सभी में जारी?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** क्रांतिकारी विधानसभा के मिस्टर कसाना ने 53 नंबर को बना लिया है अपना टैग? जब भी वो किसी मीटिंग में जाते हैं, वहां पर इस नंबर का दिखाते हैं वो स्वैग? मीटिंग के फोटो फेसबुक पर अपलोड करके वो करते हैं हमेशा 53 नंबर का जिक्र? कहने वाले ने कहा- उन्होंने लड़ना शुरू कर दिया है अभी से चुनाव? 2027 का अभी से डाल दिया है उन्होंने दांव?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हमारे पास अंदर से आई है एक बात? सुना है एक जनप्रतिनिधि का खास अपने ही जनप्रतिनिधि के प्रतिनिधि से है बहुत ज्यादा नाराज? वो करता है हमेशा प्रतिनिधि के पद से हटने की अरदास? जब भी कोई उसे चेहरा मिलता है, वो कहता है कि ये चेहरा मुझको नहीं होता है बर्दाश्त? इस चेहरे ने बड़ा कर दिया है हमारे प्रतिनिधि के आसपास डेरा? ना जाने कब आएगा हमारी उम्मीदों का सवेरा?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** जब से आई है अध्यक्ष वाली कमान फिर से मैडम कोई शक के पास? तब से हो गया है हमें अभी से भविष्य की एक घोषणा का आभाष? हमें पता है कि पार्टी संगठन में महामंत्री वाला पद करेगी एक महिला चेहरे के लिये पास? हमें उम्मीद है कि इस पद पर होने जा रही है उदिता दीदी की एंट्री? उनके पक्ष में फाइनल होता दिख रहा है प्रस्ताव? कहने वाले ने कहा- अगर महामंत्री वाले पद पर आएंगी उदिता, तो ये देखकर बहुत ही खुश नजर आएंगी दीदी रनिता?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** क्रांतिकारी विधानसभा के क्रांतिकारी विधायक का इस तरह साइलेंट रहना हमको नहीं है भाता? हमें तो उनकी क्रांतिकारी गतिविधियों की लत सी लग गई है? जब भी हम उन्हें नॉर्मल मूड में देखते हैं, हमको बिल्कुल भी मजा नहीं है आता? कहने वाले ने कहा- हम तो फिर से उनकी नई क्रांति का कर रहे हैं इंतजार? तब तक हमें ऐसे ही काटना होगा समय? ऐसा लग रहा है, जैसे हमारा एक-एक दिन हो रहा हो बेकार?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हम बैठे थे जायसवाल जी के प्रिय सुपारी पसंद सिंघल जी के पास? हम टटोल रहे थे उनको कि क्या वो भगव योद्धा की टीम में आने का कर रहे हैं प्रयास? उन्होंने अपने हाव-भाव से क्लियर कर दिया है कि फिलहाल मेरी नहीं है टीम में जाने की आस? कहने वाले ने कहा- टीम में जाकर वो करेंगे भी क्या, जब वो पूरी मजबूती से देखते हैं मिस्टर जायसवाल के सभी सामाजिक काज?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** संगठन वाले और एक जनप्रतिनिधि के बीच बढ़ गई है पहले से भी ज्यादा खाई? कहने वाले ने कहा- ये खाई अभी आगे और भी बढ़ेगी, भले ही दोनों लोगों के सामने चेहरे पर लगाकर चलते हों मुस्कराहट वाली डाई? कहने वाले ने कहा- अगर किसी को है संगठन में जाने की आस, तो हमारी उस चेहरे को सलाह है, वो ना जाएं जन जनप्रतिनिधि के पास? वो बिल्कुल भी नहीं करेंगे किसी भी चेहरे की सिफारिश? अगर, बाइचांस ऐसा हो भी गया तो ये सिफारिश सामने से हो जाएगी खारिज?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** बीप-बीप वाले चाचा को भी शायद हो गया है इस बात का एहसास? भगवा योद्धा के अंगने में उनकी दाल नहीं गलेगी साहब? सुना है इसलिये भगवा चचा डाल रहे हैं आजकल विधायक जी के यहां पर डेरा? कभी सांझ होती है तो कभी निकलता है उनका वहां पर सवेरा? कहने वाले ने कहा- फॉर्च्यूनर के दौर में वो जान चुके हैं कि कोई नहीं चलाना चाहेगा टवेरा?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# जिलाधिकारी दीपक मीणा ने की जनसुनवाई

## कहा, शिकायतों का हो गुणवत्तापूर्ण निस्तारण, फीडबैक भी लें





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कलेक्ट्रेट स्थित जिलाधिकारी कार्यालय में जिलाधिकारी दीपक मीणा ने जनसुनवाई की। जिलाधिकारी ने जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों एवं आवेदनों को पढ़ते हुए प्रार्थियों से उक्त प्रकरण के बारे में अवगत हुए। उन्होंने प्रार्थियों को आश्वस्त किया कि शिकायतों का समयान्तराल में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराया जायेगा। जिलाधिकारी द्वारा कुछ मामलों का संबंधित से वार्ता कर मौके पर ही पूर्ण गुणवत्ता से निस्तारित करा दिया गया। शेष शिकायतों को संबंधित अधिकारी को निराकरण हेतु भेजते हुए, शिकायतों का पूर्ण गुणवत्ता एवं समयान्तराल में निस्तारण के लिए निर्देशित किया। जनसुनवाई के दौरान पुलिस विभाग, जीडीए, नगर निगम, राजस्व विभाग, स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग, बैंक, पेंशन, घरेलू झगड़े से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण होने के पश्चात शिकायतकर्ताओं से फीडबैक लेना सुनिश्चित करें। जनसुनवाई के दौरान डे ऑफिसर एडीएम एफ/आर सौरभ भट्ट भी उपस्थिति रहे।

# इंद्रजीत सिंह टीटू ने महापौर सुनीता दयाल के नाम लिखा एक खुला पत्र

## कहा, देशराज देसी के नाम चौराहे, पार्क या मार्ग का किया जाए नामकरण





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** इंद्रजीत सिंह टीटू ने महापौर सुनीता दयाल के नाम लिखा एक खुला पत्र लिखा। जिसमें उन्होंने लिखा कि स्वर्गीय देशराज देसी के रूप में एक सज्जन इंसान का हमारे बीच से चले जाना समाज के लिए एक बड़ा नुकसान है। देशराज देसी समाज के लिए एक अनमोल रत्न थे। भारतीय जनता पार्टी का कोहिनूर थे और पंजाबी समाज की शान थे।

इंद्रजीत सिंह टीटू ने आगे लिखा कि मंगलवार को देशराज देसी का जन्मदिन है। इस दिन को समाज के साथ के मनाकर खुशी को बड़ा करना चाहते थे। उन्होंने विजयनगर में अलग-अलग चार जगह कार्यक्रम रखे हुए थे लेकिन कुदरत को कुछ और ही मंजूर था। आज वह हमारे बीच में वे नहीं हैं। उनके निमित्त में समाज की तरफ से अपनी पार्टी राष्ट्रीय लोकदल की तरफ से गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा रेलवे रोड बजरिया की तरफ से एक गुजारिश करना चाहता हूं आप उनके परिवार को उनके मृत्युपरांत एक तोहफा देने का काम करें। समाज की मांग पर देशराज देसी विजयनगर क्षेत्र में रहते थे विजयनगर क्षेत्र में उनके नाम से किसी चौराहे का नाम, किसी पार्क का नाम, किसी मार्ग का नाम रखा जाए जिसको करने के लिए आप सक्षम है।

समाज आपसे उम्मीद करता है आप इस पर गौर करते हुए उनके जन्म दिवस पर इसकी घोषणा करके परिवार तोहफा देने का काम करेंगे। पूरे समाज को और परिवार को लगेगा की निष्ठा के साथ पूरा जीवन उन्होंने भारतीय जनता पार्टी को और समाज को देने का काम किया था।

# नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने वी.ए.टेक वाबेग के अधिकारियों से की बैठक

### ग्रीन म्युनिसिपल बौण्ड तथा वन सिटी वन ऑपरेटर विषय पर की गई मीटिंग, लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय





**गाजियाबाद नगर आयुक्त** विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा सीवर का संचालन कर रही वाबेग की टीम वन सिटी वन ऑपरेटर के द्वारा शहर में किया जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई। साथ ही रफ्तार को बनाए रखने के निर्देश दिए गए सभी माननीय पार्षदों से संपर्क बनाते हुए सीवर समस्या के समाधान में बेहतर कार्य करने के लिए कहा गया। क्रम में इस्तेमाल में आ रहे वाहनों को भी गाजियाबाद नगर निगम के व्हीकल ट्रैकिंग मॉनिटरिंग सिस्टम के साथ जोड़ने के निर्देश दिए गए। अधिशासी अभियंता जल कामाख्या प्रसाद आनंद को चल रहे कार्यों की मॉनिटरिंग बढ़ाने के लिए कहा गया। सुपर सकर में अन्य उपकरण जिनके माध्यम से सीवर समस्या का समाधान कराया जा रहा है उन पर भी नजर बनाए रखने के लिए निर्देश दिए गए। बैठक में वी ए टेक वाबेग कंपनी के सीईओ शैलेश कुमार तथा प्रोजेक्ट मैनेजर अनुज त्रिपाठी भी उपस्थित रहे, नगर आयुक्त द्वारा टीम को सख्त निर्देश देते हुए रोस्टर के क्रम में प्रतिदिन कार्यवाही करते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए कहा गया। नगर आयुक्त द्वारा ग्रीन म्युनिसिपल बौण्ड प्रोजेक्ट के अंतिम चरण में चल रहे कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में हेड एग्जीक्यूशन कैपिटल प्रोजेक्ट वी शंकर गणेश, प्रोजेक्ट मैनेजर अग्नि मोहंती उपस्थित रहे जिनके द्वारा रेस्टोरेशन तथा कंप्लीट हो रहे प्रोजेक्ट के कार्यों की प्रेजेंटेशन दी गई नगर आयुक्त द्वारा निगम अधिकारियों तथा संबंधित टीम से शीघ्र ही ग्रीन म्युनिसिपल बौण्ड संबंधित समस्त कार्यवाही पूर्ण करने तथा उद्घाटन की तैयारी करने के लिए निर्देशित किया गया। नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि ग्रीन म्युनिसिपल बौण्ड का लगभग 99% कार्य पूर्ण हो चुका है साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र को औद्योगिक जल की आपूर्ति भी की जा रही है शीघ्र ही आगामी माह में ग्रीन म्युनिसिपल बौण्ड प्रोजेक्ट का शुभारंभ करने की तैयारी भी निगम करेगा योजना बनाई जा रही है।

वी ऐ टेक वाबेग लिमिटेड कंपनी द्वारा गाजियाबाद नगर निगम के टीटीआरओ प्लांट तथा वन सिटी वन ऑपरेटर के अंतर्गत सीवर समस्याओं के समाधान का कार्य किया जा रहा है। बैठक में अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार भी उपस्थित रहे।

# सत्येन्द्र सिंह बने इंडियन काउंसिल ऑफ इंडस्ट्रियल मैनेजमेंट के चेयरमैन

### 25 वर्षों से अधिक का अनुभव रखने वाले श्रम कानून विशेषज्ञ और पर्यावरणविद् को मिला महत्वपूर्ण दायित्व



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारत के औद्योगिक विकास, प्रशिक्षण और नीति-निर्माण के क्षेत्र में कार्यरत अग्रणी संस्था इंडियन काउंसिल ऑफ इंडस्ट्रियल मैनेजमेंट (आईसीआईएम) ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए सत्येन्द्र सिंह को अपना चेयरमैन नियुक्त किया है। श्रम कानूनों, कॉरपोरेट अनुपालन और पर्यावरण संरक्षण जैसे विषयों में सत्येंद्र सिंह का दो दशकों से अधिक का अनुभव उन्हें इस पद के लिए अत्यंत उपयुक्त बनाता है।

नवनियुक्त चेयरमैन सत्येन्द्र सिंह ने पदभार संभालते ही अपने विजन को साझा करते हुए कहा, आईसीआईएम का उद्देश्य केवल प्रशिक्षण देना नहीं, बल्कि भारत की औद्योगिक संस्कृति को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करना है। हम पूरी तरह से एकीकृत सिस्टम और प्रक्रियाओं को बढ़ावा देंगे जो उद्योगों की दक्षता, गुणवत्ता और अनुपालन को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगी।

### एक समर्पित विशेषज्ञ की नियुक्ति

सत्येन्द्र सिंह न केवल भारत के जाने-माने लेबर लॉ एडवाइजर हैं, बल्कि उन्होंने विभिन्न उद्योगों में ओद्योगिक सुरक्षा, सामाजिक जवाबदेही और पर्यावरणीय अनुपालन से जुड़ी नीतियों के निर्माण में भी सक्रिय योगदान दिया है। वे वर्षों से उत्थान समिति जैसी सामाजिक संस्थाओं के माध्यम से औद्योगिक श्रमिकों और कॉरपोरेट प्रोफेशनल्स के सशक्तिकरण के लिए काम करते आ रहे हैं। उनकी नियुक्ति को औद्योगिक जगत में एक सकारात्मक और दूरदर्शी कदम के रूप में देखा जा रहा है।

आईसीआईएम : औद्योगिक नेतृत्व का मंच - इंडियन काउंसिल ऑफ इंडस्ट्रियल मैनेजमेंट एक ऐसा मंच है, जहां उद्योग जगत के वरिष्ठ अधिकारी, मैनेजर्स, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स, कंपनी सेक्रेटरीज, विधिक सलाहकार, एचआर व एडमिन प्रमुख, सीईओ और वाइस प्रेसिडेंट्स एक साथ मिलकर औद्योगिक प्रबंधन के उच्चतम मानकों को बढ़ावा देने हेतु कार्य करते हैं।

### नियुक्ति को लेकर उद्योग जगत में हर्ष और उत्साह

इस महत्वपूर्ण नियुक्ति को लेकर उद्योग जगत में हर्ष और उत्साह का वातावरण है। उम्मीद की जा रही है कि सत्येंद्र सिंह के नेतृत्व में आईसीआईएम नई ऊंचाइयों को छुएगा और भारतीय औद्योगिक परिदृश्य को अधिक संगठित, सुरक्षित और प्रभावशाली बनाने में अग्रणी भूमिका निभाएगा।

# सुंदरदीप वर्ल्ड स्कूल में मातृ दिवस का किया गया भव्य आयोजन








**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सुंदरदीप वर्ल्ड स्कूल में मातृ दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों और उनकी माताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

कार्यक्रम की शुरूआत छात्रों द्वारा प्रस्तुत किए गए मनमोहक गीतों और नृत्य प्रस्तुतियों से हुई, जिन्होंने अपनी माताओं के प्रति अपने प्यार और सम्मान को व्यक्त किया।

इस अवसर पर विद्यालय ने माताओं के लिए विशेष रूप से 'टैलेंट हंट' और 'फ्लेमलेस कुकिंग' प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। माताओं ने इन प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा और रचनात्मकता का अद्भुत प्रदर्शन किया, जिसने सभी को आश्चर्यचकित कर दिया। 'टैलेंट हंट' में माताओं ने गायन, नृत्य और अन्य कलाओं का प्रदर्शन किया, वहीं 'फ्लेमलेस कुकिंग' प्रतियोगिता में उन्होंने बिना आग के स्वादिष्ट और पौष्टिक व्यंजन बनाकर अपनी कला का परिचय दिया।

विद्यालय की प्रिंसिपल सपना अहलावत ने सभी माताओं को मातृ दिवस की शुभकामनाएं दीं और उनके त्याग, समर्पण और अटूट प्रेम के लिए उनका आभार व्यक्त किया।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। खोड़ा नगर पालिका परिषद की पूर्व अध्यक्ष रीना भाटी ने रक्तदान की तस्वीर से और अपने शब्दों से अपनी पोस्ट के जरिए एक संदेश दिया। उन्होंने लिखा कि धैर्य रखें विश्वास रखें आपका समय अवश्य आएगा। रीना भाटी की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।